website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

दैनिक
रॉयल पत्रिका

वर्ष : 13 | अंक : 300 | पेज: 8 | जयपुर, मंगलवार 07 अक्टूबर 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

'उल्लास' अभियान से ग्रामीण व महिला साक्षरता में बढ़ोतरी

-पीएम मोदी ने शेयर किया जयंत चौधरी का लेख

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा को समझना' (उल्लास) कार्यक्रम के परिवर्तनकारी प्रभाव की प्रशंसा की है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी का एक लेख शेयर किया, जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत 2022 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण समुदायों और महिलाओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे भारत में वयस्कों के लिए शिक्षा के अवसरों के उल्लेखनीय विस्तार की बात कही गई है।

'उल्लास' कार्यक्रम वयस्कों के लिए शिक्षा का अवसर प्रदान करता है-

केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा, "इस लेख में राज्य मंत्री जयंत चौधरी बताते हैं कि कैसे एनईपी 2020 के अनुरूप 2022 में शुरू किया गया 'उल्लास' कार्यक्रम वयस्कों के लिए शिक्षा का अवसर प्रदान करता है।"

'उल्लास' कार्यक्रम के प्रभाव ने ग्रामीण और महिला साक्षरता में वृद्धि की है-

पीएम मोदी ने लिखा, "उन्होंने (जयंत चौधरी) इस बात पर प्रकाश डाला कि 'उल्लास' कार्यक्रम के प्रभाव ने ग्रामीण और महिला साक्षरता में वृद्धि की है, जिससे भारत 2030 तक संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के साक्षरता लक्ष्य को प्राप्त करने की राह पर है।" हर समाज में सीखने का एक चक्र होता है, इसके भीतर रहने वाले लोग पढ़ सकते हैं, समझ सकते हैं और काम कर सकते हैं जयंत चौधरी ने अपने लेख की शुरुआत जर्मन मनोचिकित्सक और मनोविश्लेषक फ्रिट्ज पर्ल्स के 'सीखना उस चीज की खोज है जो संभव है' शब्दों के साथ की। उन्होंने लिखा, "हर समाज में सीखने का एक चक्र होता है। इसके भीतर रहने वाले लोग पढ़ सकते हैं, समझ सकते हैं और काम कर सकते हैं, लेकिन जो लोग इसके बाहर रह जाते हैं, वे दूसरों पर निर्भर रहते हैं कि वे बोलें और अपने लिए निर्णय लें। साक्षरता वह रेखा है, जो इन दोनों को अलग करती है।" राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 'उल्लास' 2022 में 15 वर्ष से अधिक आयु के वंचित वयस्कों को शिक्षा देने हेतु शुरू किया गया। जयंत चौधरी ने मध्य प्रदेश के एक छोटे से गांव में रहने वाली दीया बाई का किस्सा बताया, जो बैंक में पैसे निकालने के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहती थीं, लेकिन आज वह न सिर्फ खुद यह काम करती हैं, बल्कि अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी उन लाभों का लाभ उठाने में मार्गदर्शन करती हैं।उन्होंने आगे लिखा, "इसी विश्वास के कारण उल्लास (यूएलएलएसी), 'समाज में सभी के लिए आजीवन शिक्षा की समझ', की स्थापना हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप 'उल्लास' को 2022 में 15 साल और उससे अधिक आयु के उन वयस्कों को शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए लॉन्च किया गया था, जो औपचारिक स्कूली शिक्षा से वंचित रह गए।

ग्रामीण साक्षरता 2011 के 67.7 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 77.5 प्रतिशत हो गई है-

जयंत चौधरी ने जानकारी दी कि 2022 में शुरू हुए इस कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 2.8 करोड़ से अधिक शिक्षार्थी और 45 लाख स्वयंसेवक जुड़ चुके हैं। सरकारी आंकड़ों का हवाला देते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि 'उल्लास' का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ग्रामीण साक्षरता 2011 के 67.7 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 77.5 प्रतिशत हो गई है। महिला साक्षरता 65.4 प्रतिशत से बढ़कर 74.6 प्रतिशत हो गई है।

अगस्त 2024 में शिक्षा मंत्रालय ने साक्षरता की परिभाषा में डिजिटल, वित्तीय और गणना कौशल को जोड़ा-

मंत्री ने कहा कि अगस्त 2024 में शिक्षा मंत्रालय ने साक्षरता की परिभाषा को विस्तृत करते हुए इसमें डिजिटल साक्षरता, वित्तीय ज्ञान और गणना कौशल को शामिल किया है।

कफ सीरप की गुणवत्ता पर केंद्र की बड़ी बैठक

-राज्यों को सख्त कार्रवाई के निर्देश

नई दिल्ली (एजेंसी)। बच्चों की मौत से जुड़े खांसी की दवा (कफ सीरप) के मामलों के बाद केंद्र सरकार एक्शन में आ गई है। रविवार को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की।इस बैठक में कफ सीरप की गुणवत्ता,सुरक्षा और सही उपयोग पर चर्चा की गई। बैठक में यह साफ कहा गया कि सभी दवा निर्माता कंपनियां संशोधित शेड्यूल M के नियमों का सख्ती से पालन करें। जो कंपनियां मानकों पर खरा नहीं उतरतीं उनके खिलाफ लाइसेंस रद्द करने और कानूनी कार्रवाई की जाए। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों को निर्देश दिया कि कफ सीरप का इस्तेमाल बच्चों में सोच-समझकर किया जाए, क्योंकि ज्यादातर खांसी अपने आप ठीक हो जाती है और दवा की जरूरत नहीं होती। बैठक में सीडीएससीओ, आईसीएमआर,एनसीडीसी, और तमाम राज्यों के स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए।हाल ही में मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में बच्चों की मौत के बाद जांच में पाया गया कि एक दवा 'Coldrif' कफ सीरप में DEG नामक केमिकल की मात्रा तय सीमा से ज्यादा थी।इस दवा को बनाने वाली तमिलनाडु की फैक्ट्री पर कार्रवाई की जा चुकी है और उसका लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को यह भी निर्देश दिए कि-

सभी अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र किसी भी असामान्य बीमारी की तुरंत रिपोर्ट करें। दवा की दुकानों पर कफ सीरप की बिक्री पर सख्ती से नजर रखी जाए। बच्चों को बिना जरूरत के कफ सीरप न दी जाए। राज्यों के बीच तालमेल बढ़ाया जाए ताकि ऐसी घटनाओं की जल्दी पहचान और कार्रवाई हो सके। बैठक में यह भी बताया गया कि देश के 6 राज्यों में 19 दवा कंपनियों की रिस्क बेस्ड जांच शुरू की गई है, ताकि उत्पादन में किसी भी तरह की गड़बड़ी पकड़ी जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सरकार दवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी राज्यों से कहा गया कि वे सतर्क रहें और ऐसी घटनाओं को दोबारा होने से रोकने के लिए तुरंत और सख्त कदम उठाएं।

भारत और यूरोपीय संघ आज ब्रसेल्स में मुक्त व्यापार समझौते पर नए दौर की वार्ता शुरू करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) सोमवार को ब्रसेल्स में प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 14वें दौर की वार्ता शुरू करेंगे। यह जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बातचीत का यह नया दौर पांच दिनों तक चलेगा। इसके बाद वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके यूरोपीय संघ के समकक्ष मारोस सेफ्कोविक के बीच दक्षिण अफ्रीका में जी20 ट्रेड कमिश्नर्स के शिखर सम्मेलन के साइडलाइन एक और बैठक होगी। भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते में 23 अध्याय हैं, जिनमें से 'बाजार पहुंच' और 'उत्पत्ति के नियम' पर सहमति नहीं बनी है। प्रस्तावित भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते में 23 नीतिगत क्षेत्र या अध्याय शामिल हैं, जिनमें से कम से कम दो – 'बाजार पहुंच और उत्पत्ति के नियम' अभी तक हल नहीं हुए हैं। यूरोपीय संघ के राजदूत हर्वे डेल्फिन ने शनिवार को अमेरिका की ओर परोक्ष रूप से इशारा करते हुए कहा कि भारत और यूरोपीय संघ को ऐसे समय में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए एफटीए का उपयोग करना चाहिए जब "कुछ देश" टैरिफ बढ़ा रहे हैं या अपने बाजार बंद कर रहे हैं।

मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) यूरोपीय संघ और भारतीय व्यवसायों के लिए नए अवसर खोल सकता है-

उन्होंने आगे कहा, "मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) यूरोपीय संघ और भारतीय व्यवसायों के लिए नए अवसर खोल सकता है और हमारे द्विपक्षीय व्यापार एवं निवेश को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने के लिए परिस्थितियां तैयार कर सकता है। जहां कुछ देश टैरिफ बढ़ा रहे हैं या अपने बाजार बंद कर रहे हैं, वहीं हमें व्यापार में विविधता लाने, अनिश्चितताओं से बचाव करने और अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने के लिए एफटीए का उपयोग करना चाहिए।" यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल के अंत तक एफटीए को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने आगे कहा कि यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल के अंत तक एफटीए को पूरा करने का लक्ष्य रखा है। वार्ता दल इसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन यह कहना उचित होगा कि वार्ता चुनौतीपूर्ण है और महत्वपूर्ण मुद्दों का समाधान होना बाकी है।

यूरोपीय संघ एक सार्थक पैकेज पर सहमति बनाने के लिए तैयार है-

डेल्फिन ने कहा, "यूरोपीय संघ एक सार्थक पैकेज पर सहमति बनाने के लिए तैयार है। हम अगले दौर और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते की दिशा में आगे की वार्ताओं की प्रतीक्षा कर रहे हैं।" डेल्फिन ने आगे बताया कि यूरोपीय संघ भारत का शीर्ष व्यापारिक साझेदार है, जिसका वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 120 अरब यूरो का है, जो अमेरिका और चीन से आगे है। यूरोपीय संघ और भारत दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, इसमें वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आगे कहा, "सेवाओं को मिलाकर, हमारा द्विपक्षीय व्यापार 180 अरब यूरो तक पहुंच गया है। यह एक प्रभावशाली आंकड़ा है, लेकिन यह देखते हुए कि यूरोपीय संघ और भारत दुनिया की दूसरी और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं, इसमें वृद्धि की अपार संभावनाएं हैं। इस अप्रयुक्त क्षमता का दोहन करने के लिए यूरोपीय संघ और भारत मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहे हैं।"

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जापान दौरे पर

- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2026 में पार्टनर कंट्री बनने का दिया आमंत्रण

नई दिल्ली (एजेंसी)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूती देने के लिए जापान पहुंचे। प्रवासी भारतीय संगठन ने सैनी का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल जापान सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मिला। इस दौरान उन्होंने जापान के विदेशी मामलों के राज्य मंत्री मियाजी तकुमा के साथ अहम बैठक की। बैठक में हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मुलाकात में दोनों पक्षों ने व्यापार, निवेश, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और तकनीकी सहयोग के नए अवसरों पर बात की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जापान को हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2026 में पार्टनर कंट्री बनने का आमंत्रण भी दिया। यह समिट हरियाणा में अप्रैल 2026 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुनियाभर के निवेशक और उद्योगपति हिस्सा लेंगे।

हरियाणा के प्रतिनिधिमंडल ने जापान के उद्योग, वाणिज्य और ऊर्जा मंत्रालय (एमईआईटी) के राज्य मंत्री योगीचिरो कोगा से भी मुलाकात की। इस बैठक में दोनों पक्षों ने मोबिलिटी, हरित ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, बुनियादी ढांचे और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में छोटे और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के सहयोग के अवसरों की खोज की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को आधिकारिक 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "जापान सरकार के विदेश राज्य मंत्री मियाजी ताकुमा के साथ एक सार्थक बैठक हुई। हमने हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के अवसरों पर चर्चा की। मैंने उन्हें नवंबर 2025 में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव (जो हमारी शाश्वत सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है) में शामिल होने का निमंत्रण दिया। मैंने अप्रैल 2026 में होने वाले हैपनिंग हरियाणा ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदार देश के रूप में भाग लेने का भी निमंत्रण दिया।" हरियाणा के आधिकारिक सूचना विभाग ने भी इस यात्रा और बैठकों की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की यह यात्रा हरियाणा और जापान के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक और तकनीकी सहयोग को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अमेरिकी शटडाउन के बीच रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे सोने के दाम

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोने की कीमतें सोमवार को रिकॉर्ड ऊंचाई पर 3,900 डॉलर प्रति औंस के पार पहुंच गई है। इसकी वजह निवेशकों की ओर से सोने की लगातार खरीद करना है। अमेरिकी फेड के द्वारा ब्याज दरों में कमी की संभावना के चलते सोने की मांग में लगातार उछाल देखा जा रहा है। खबर लिखे जाने तक कॉमेक्स पर सोने की कीमत 1.22 प्रतिशत बढ़कर 3,956.70 डॉलर प्रति औंस पर थी। इसका डे-हाई 3,969 डॉलर प्रति औंस पर है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की कीमतें 1.20 लाख रुपए के करीब पहुंच गई हैं-

फेड गवर्नर स्टीफन मिरान ने हाल ही में एक आक्रामक दर कटौती योजना के बारे में जानकारी साझा की थी और ट्रम्प प्रशासन की नीतियों के आर्थिक प्रभावों के बारे में चेतावनी दी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने की कीमतें 1.20 लाख रुपए के करीब पहुंच गई हैं।

सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.25 प्रतिशत बढ़कर 1,19,595 रुपए पर पहुंच गया है-

सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.25 प्रतिशत बढ़कर 1,19,595 रुपए पर पहुंच गया है। सोने के साथ चांदी की कीमतों में इजाफा देखने को मिल रहा है। कॉमेक्स पर चांदी की कीमत 0.68 प्रतिशत बढ़कर 48.29 डॉलर प्रति औंस पर है। अब तक इसका डे-हाई 48.49 रहा है। एमसीएक्स पर चांदी के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.98 प्रतिशत बढ़कर 1,47,176 रुपए हो गया है। एमसीएक्स पर चांदी के 5 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.98 प्रतिशत बढ़कर 1,47,176 रुपए हो गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बीते एक हफ्ते में 3,692 रुपए बढ़कर 1,16,954 रुपए हो गई है, जबकि पहले यह 1,13,262 रुपए थी।

बिहार में चुनावी बिगुल बजने को तैयार

EC की प्रेस कॉन्फ्रेंस शाम 4 बजे

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आज सोमवार को कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है। चुनाव आयोग ने सोमवार शाम 4 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई है। बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसलिए 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव उस तारीख से पहले कराने होंगे।

2020 में बिहार विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुए थे-

2020 में बिहार विधानसभा चुनाव तीन चरणों में हुए थे। पहले चरण में 28 अक्टूबर 2020 को 71 विधानसभा सीटों के लिए वोटिंग हुई थी, जबकि दूसरे चरण में 3 नवंबर को 94 सीट और तीसरे चरण में 7 नवंबर को 78 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। मतगणना 10 नवंबर को हुई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ राज्य में चुनाव तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने रविवार को अपना दो दिवसीय बिहार दौरा संपन्न किया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ राज्य में चुनाव तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने घोषणा की कि चुनावी प्रक्रिया को बेहतर बनाने के लिए बिहार विधानसभा चुनाव से कई नई पहलों की शुरुआत की जाएगी।

चुनाव आयोग के अनुसार, इस बार सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग लागू की जाएगी-

चुनाव आयोग के अनुसार, इस बार सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग लागू की जाएगी। जब मतदाता वोट डालने जाएंगे, तो उन्हें ईवीएम मतपत्र पर उम्मीदवारों के नाम के साथ उनकी रंगीन तस्वीरें दिखाई देंगी। मतदाता पर्ची पर भी बड़े अक्षरों में नाम छपे होंगे, ताकि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र ढूंढने में आसानी हो। मतदाताओं को अब मतदान केंद्रों के बाहरी क्षेत्र में अपने मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी, यह सुविधा पहली बार शुरू की जा रही है। राजनीतिक दलों को मतदान केंद्रों से मात्र 100 मीटर की दूरी पर पोलिंग एजेंट बूथ स्थापित करने की अनुमति होगी। इसके अलावा, राजनीतिक दलों को मतदान केंद्रों से मात्र 100 मीटर की दूरी पर पोलिंग एजेंट बूथ स्थापित करने की अनुमति होगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) को मतदान शुरू होने से पहले मॉक पोल में भाग लेने और मतदान समाप्त होने के बाद फॉर्म 17सी जमा करने की सलाह दी गई है।

नीतीश कुमार ने 21 लाख महिलाओं के खाते में भेजी ₹10,000 की तीसरी किस्त

नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 21 लाख महिलाओं के खाते में ₹10,000 की तीसरी किस्त डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से भेजी। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री आवास, एक ऐनी मार्ग पर आयोजित किया गया, जहाँ लाभार्थियों के खातों में राशि सीधे जमा की गई। इस योजना के तहत अब तक 1.21 करोड़ महिलाओं को ₹10,000 की राशि मिल चुकी है। इससे पहले, 3 अक्टूबर को 25 लाख महिलाओं को और 26 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन के दिन 75 लाख महिलाओं को सहायता राशि दी गई थी। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की घोषणा 29 अगस्त को की गई थी और एक महीने के भीतर इसे लागू कर दिया गया। यह योजना आने वाले बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले महिलाओं के सशक्तिकरण की सबसे बड़ी पहल के रूप में सामने आई है। सरकार का उद्देश्य इस योजना के ज़रिए महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और रोजगार के अवसर बढ़ाना है। साथ ही, यह पहल महिला मतदाताओं तक सरकार की पहुँच को भी मजबूत करेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, "बिहार सरकार उन महिलाओं को ₹2 लाख तक की सहायता देगी जिनका व्यवसाय सफल रहेगा। इस छोटे निवेश से पूरा परिवार लाभान्वित होगा।" उन्होंने बताया कि 24 नवंबर 2005 से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कदम उठाए गए हैं।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने जयपुर घटना पर जताया दुःख

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को जयपुर के सवाई मान सिंह (SMS) अस्पताल में हुई भयावह आग दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया और इस घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई। जोधपुर में मीडिया से बात करते हुए शेखावत ने कहा कि इस समय मुख्य ध्यान पीड़ितों की मदद और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने पर होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया, "यह व्यक्तिगत दोष या राजनीतिक मुद्दा नहीं है।" शेखावत ने कहा, "अगर किसी व्यक्ति की लापरवाही पाई गई तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। और अगर यह तकनीकी खामी के कारण हुआ है तो उसके पुनरावृत्ति को रोकने के लिए कदम उठाए जाएंगे।" प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने इस घटना को "दुर्भाग्यपूर्ण" बताया और कहा कि इस आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए सरकार स्तर पर गहन जांच होगी। उन्होंने कहा, "आग कैसे लगी? कहाँ चूक हुई? फिलहाल इस पर टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। अभी हमारा मुख्य उद्देश्य प्रभावित लोगों की मदद करना और जीवन बचाना है। जांच जारी है और जिम्मेदारी तय की जाएगी।" केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस घटना से गंभीर आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है और "जो हुआ वह दुखद और अस्वीकार्य है, इसे दोहराया नहीं जाना चाहिए।" जयपुर घटना के जवाब में, शेखावत ने जोधपुर में तत्काल कदम उठाने की घोषणा की। उन्होंने जोधपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और जिला कलेक्टर को निर्देश दिए ।

रॉयल पत्रिका

संपादकीय....

क्या आरएसएस की विचारधारा से चलेगा देश ?

भारत का सबसे मजबूत सामाजिक, राजनीतिक एवं धार्मिक संगठन आरएसएस ने 27 सितम्बर 2025 को 100 वर्ष पूरे कर लिए। आरएसएस की स्थापना 27 सितंबर 1925 को डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने की थी। आरएसएस बनाने का मुख्य उद्देश्य हिंदूत्व की स्थापना है। हिंदूत्व के अनुसार समाज में जाति व्यवस्था एवं वर्ग व्यवस्था की स्थापना है। आरएसएस एक ऐसा संगठन है जिसने धीरे-धीरे लेकिन सतत रूप से विकास किया है। हालांकि आरएसएस ने राजनीति, धार्मिक, आर्थिक एवं शिक्षा के क्षेत्र में मजबूत पकड़ बनाई है। आरएसएस अपनी राजनीति शाखा भाजपा के द्वारा भारत पर शासन कर रहा है। आरएसएस का मुख्यालय स्थापना से लेकर अब तक नागपुर में ही रहा है। भाजपा में कोई भी नेता बिना आरएसएस की मर्जी के नहीं रह सकता है। आरएसएस देश में शताब्दी वर्ष मना रहा है और आरएसएस की स्थापना के उद्देश्य लोगों को बतायें जा रहे हैं। वर्तमान में आरएसएस हिंदू समाज को एकजुट करने के प्रयास कर रहा है। सभी जातियों के लिए एक शमशान, एक कुआं के प्रचलन लाकर जातिवाद समाप्त करने की ओर अग्रसर है। दूसरी तरफ आरएसएस सभी जातियों को साथ रखना चाहता है लेकिन सत्ता की चाबी कुछ वर्ग की जातियों के पास रखना चाहता है। यदि आरएसएस हिंदूत्व के एजेंडे पर चलता है तो निम्न जातियों के लिए बराबरी का सम्मान मिलना आसान नहीं होगा। आरएसएस की मजबूती के पीछे उसका देश भर में फैला शाखाओं का नेटवर्क है। देश में आरएसएस की लाखों शाखाएं लगती हैं। शाखाओं के जरिए पूरे देश पर नियंत्रण रखने और जानकारी प्राप्त करने में उसे आसानी होती है। आरएसएस यदि अपना एजेंडा पूरी तरह लागू किया तो वर्तमान संविधान बदलना भी उसके लिए जरूरी होगा। क्योंकि भारत का वर्तमान संविधान आरएसएस के एजेंडे को लागू करने में सबसे बड़ी रुकावट है। क्योंकि संविधान में विभिन्न जातियों को आरक्षण का प्रावधान है। आरक्षण के कारण हिंदू समाज कभी एक नहीं हो सकता है। आरएसएस की मंशा के खिलाफ आरक्षित जातियां भविष्य में उससे शासन छीन सकती है। आरएसएस को असली ताकत देश के मुसलमानो के विरोध के कारण मिलती है। लेकिन मुस्लिम समाज अब आरएसएस के मुकाबले में काफी कमजोर दिखाई देता है। फिर भी देश में सत्ता में बने रहने के लिए आरएसएस मुसलमानो एवं कुछ अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों पर दबाव बनाए रखता है। लेकिन हिंदू समाज में भी 100 वर्ष बाद पहली बार आरएसएस का बड़ा विरोध दिखाई देने लगा है। आरक्षित जातियों में आरएसएस की पकड़ ढीली पड़ने लगी है। आरक्षित वर्ग के लोग खुलकर आरएसएस का सड़कों पर उतरकर विरोध करने लगे हैं। साफ दिखाई दे रहा है कि देश में दो विचारधाराए हैं।

"सड़क सुरक्षा की नई आँख: डैशकैम का बढ़ता महत्व और जरूरत"

-भारत में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति – सांख्यिकी, कारण और समस्याएँ

सड़क पर यात्रा करते समय हर ड्राइवर और यात्री का अनुभव अलग होता है। कभी यह अनुभव सुखद और आरामदायक होता है, कभी अप्रत्याशित खतरों और तनाव से भरा। पिछले वर्ष अगस्त में बेंगलुरु में एक घटना हुई जिसने पूरे सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। एक महिला जानबूझकर चलती हुई कार के सामने गिरकर एक्सीडेंट का नाटक कर रही थी। यह पूरी घटना कार के डैशकैम में कैद हो गई। जब इसे एक्स यूजर शोनी कपूर ने पोस्ट किया, तो फुटेज ने बहुत से लोगों की चिंता बढ़ा दी। सड़क के बीच में खड़ी महिला अचानक खुद ही कार के बोनट पर गिर गई। ड्राइवर को दुर्घटना रोकने के लिए स्पीड धीमी करनी पड़ी, लेकिन महिला कार पर जा गिरी और आक्रामक हो गई। कपूर ने इस पोस्ट में स्पष्ट संदेश दिया: "डैशकैम लगाएं। पता नहीं आपके साथ कब ऐसा हो जाए।" सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने कपूर की राय पर सहमति जताई और डैशकैम की आवश्यकता पर जोर दिया। यह घटना हमें यह याद दिलाती है कि सड़क पर किसी भी समय अप्रत्याशित परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। मुझे यह घटना शनिवार देर रात तब याद आई, जब मैं तमिलनाडु से कार में अपने गृहनगर कुंभकोणम जा रहा था। सड़क सुनसान और शांत थी। ड्राइवर अच्छी स्पीड में गाड़ी चला रहा था। अचानक एक स्कूटर हमारी कार के सामने से क्रॉस हुआ। कुत्तों और गायों जैसी अचानक क्रॉसिंग के दौरान वाहन संभालने का अनुभवी मेरा ड्राइवर तुरंत ब्रेक लगा कर गाड़ी को सड़क के किनारे मोड़ दिया। लेकिन तब तक देर हो चुकी थी। स्कूटर से टकराव हो गया, लेकिन सौभाग्य से स्कूटर चालक को कोई चोट नहीं आई। तब असली परेशानी शुरू हुई। स्कूटर चालक उसी गांव का निवासी था और तत्काल ही वहां भीड़ जमा हो गई। यह स्थिति तनावपूर्ण थी। लेकिन

हमने अपनी कार की डैशकैम में रिकॉर्डेड फुटेज दिखाई। भीड़ ने वह वीडियो देखा और स्थिति धीरे-धीरे शांत हुई। यह अनुभव मुझे इस बात का एहसास दिलाता है कि भारत में डैशकैम कितना आवश्यक है। सड़क पर कभी भी किसी व्यक्ति से आपका पाला पड़ सकता है और इसका निवारण केवल डैशकैम जैसी तकनीक से ही संभव है। मेरे ड्राइवर ने कहा: "जब तक हमारी पूरी आबादी में ड्राइविंग सेंस नहीं आता, कारों में डैशकैम अनिवार्य कर देना चाहिए।" यह बात बिल्कुल सही प्रतीत होती है। विवादों, दुर्घटनाओं या धोखाधड़ीपूर्ण दावों में डैशकैम अहम सबूत साबित हो सकता है। रियल-टाइम फुटेज कैप्चर करके यह न केवल ड्राइवरों को संभावित स्कैम या झूठे आरोपों से बचाता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। क्योंकि ड्राइव के दौरान जो भी हुआ, उसका स्पष्ट रिकॉर्ड मौजूद होता है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति बहुत चिंताजनक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं में घायल या मारे जाते हैं। मुख्य कारण हैं – लापरवाह ड्राइविंग, नियमों का उल्लंघन, शराब पीकर वाहन चलाना, तेज़ गति, और सड़क के खराब हालात। इसके अलावा, कुछ दुर्घटनाएँ जानबूझकर की जाती हैं, जैसे बेंगलुरु की उस वायरल घटना में हुआ। ऐसे में डैशकैम केवल सबूत नहीं, बल्कि सुरक्षा की सुरक्षा कवच बन जाता है। डैशकैम के कानूनी पहलू भी महत्वपूर्ण हैं। कई राज्यों में डैशकैम की फुटेज को अदालत और पुलिस के सामने सबूत के रूप में स्वीकार किया जा चुका है। दुर्घटना या विवाद होने पर यह फुटेज तुरंत सत्यता साबित कर सकता है। Insurance कंपनियाँ भी अब डैशकैम वीडियो को claim प्रक्रिया में अहम मानती हैं। यह धोखाधड़ी से बचाव के साथ-साथ सटीकता सुनिश्चित करता है। व्यक्तिगत अनुभवों की बात करें तो डैशकैम की भूमिका और भी स्पष्ट हो जाती है। मेरा ट्रिची- कुंभकोणम यात्रा का उदाहरण दर्शाता है कि सड़क पर कभी भी अप्रत्याशित स्थिति उत्पन्न हो सकती है। हमारे ड्राइवर ने स्कूटर से टकराव होने के बाद भी तुरंत निर्णय लिया, लेकिन अगर हमारे पास डैशकैम नहीं होता, तो गांव की भीड़ के सामने विवाद और बड़ा हो सकता था। डैशकैम ने हमारी सुरक्षा के साथ-साथ मानसिक शांति भी दी। हाल ही में सितंबर 2025 के अंत में जीएसटी दर घटने के बाद कारों की बिक्री में भारी उछाल आया। नवरात्र के पहले ही दिन टाटा मोटर्स ने 10 हजार कारों की डिलीवरी की। मारुति सुजुकी ने एक दिन में 30 हजार कारें बेचीं और हुंडई ने 11 हजार कारों की बिक्री दर्ज की। इस बिक्री में बढ़ोतरी के पीछे उपभोक्ताओं की नई कारों के प्रति रुचि और उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी महत्वपूर्ण कारक है। नई कारों में डैशकैम और अन्य सुरक्षा तकनीकें अब एक आम मांग बन गई हैं। डैशकैम के फायदे अनेक हैं। यह न केवल दुर्घटना के समय रिकॉर्ड करता है, बल्कि सड़क पर होने वाली अन्य घटनाओं का भी सबूत देता है। गलत आरोपों से बचाने के साथ-साथ यह सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाता है। मानसिक शांति का लाभ भी मिलता है, क्योंकि ड्राइव करते समय यह सुनिश्चित करता है कि यदि कुछ अप्रत्याशित घटित हुआ, तो उसका प्रमाण हमेशा मौजूद रहेगा। हालांकि, डैशकैम लगाने में कुछ चुनौतियाँ भी हैं। इसकी लागत, इंस्टॉलेशन और गोपनीयता संबंधी चिंताएँ कुछ लोगों को हतोत्साहित कर सकती हैं। लेकिन इन चुनौतियों की तुलना में सुरक्षा और प्रमाण का महत्व कहीं अधिक है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं और विवादों को ध्यान में रखते हुए डैशकैम का महत्व और बढ़ जाता है। सड़क सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने के लिए हमें केवल तकनीक पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। ड्राइविंग सेंस, नियमों का पालन और सावधानी भी आवश्यक है। लेकिन जब तक सड़क पर अनुशासन पूरी तरह से स्थापित नहीं होता, डैशकैम एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपकरण साबित होता रहेगा। भविष्य में भारत में डैशकैम की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को घटाने, झूठे आरोपों से बचाने और मानसिक शांति प्रदान करने के लिए यह अनिवार्य हो सकता है। इसके साथ ही ऑटोमोबाइल उद्योग में नई सुरक्षा तकनीकों का विकास और उपयोग बढ़ेगा। डैशकैम केवल कैमरा नहीं, बल्कि सड़क सुरक्षा, प्रमाण और मानसिक शांति का एक माध्यम है। सड़क पर किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में यह हमें बचा सकता है और सत्यता साबित कर सकता है। भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और झूठे आरोपों के युग में डैशकैम का महत्व और अधिक बढ़ गया है। डैशकैम सिर्फ दुर्घटनाओं के समय सबूत देने का साधन नहीं है, बल्कि यह सड़क पर होने वाली अन्य घटनाओं को भी रिकॉर्ड करता है। जैसे कि सड़क किनारे चल रहे बच्चे, अचानक कुत्ते या गाय का सड़क पर आ जाना, या फिर अन्य वाहनों की लापरवाही—ये सभी घटनाएँ कभी-कभी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती हैं। डैशकैम इन सभी क्षणों को वास्तविक समय में कैप्चर करता है और बाद में सत्यापन के लिए उपलब्ध कराता है। इसके अलावा, डैशकैम सामाजिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। भारत में कभी-कभी सड़क दुर्घटनाओं के बाद झूठे आरोप या विवाद उत्पन्न हो जाते हैं। ऐसे समय में डैशकैम फुटेज केवल ड्राइवर के बचाव का माध्यम नहीं बनता, बल्कि पुलिस और बीमा कंपनियों के लिए भी एक विश्वसनीय प्रमाण प्रस्तुत करता है। तकनीकी रूप से भी डैशकैम लगातार उन्नत हो रही हैं। अब इसमें जीपीएस ट्रैकिंग, रात में रिकॉर्डिंग, ऑटोमेटिक इमरजेंसी अलर्ट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इससे न केवल सड़क सुरक्षा बढ़ती है, बल्कि चालक को मानसिक शांति भी मिलती है।

सारांश में कहा जा सकता है कि सड़क पर अनिश्चितताओं के बीच, डैशकैम एक सटीक और भरोसेमंद साथी बनकर उभर रहा है। इसकी भूमिका आने वाले समय में और अधिक महत्वपूर्ण होगी।शकैम के महत्व को केवल दुर्घटना के समय ही नहीं देखा जाना चाहिए। यह सड़क पर होने वाले छोटे-छोटे विवादों और असुविधाओं को भी रिकॉर्ड करता है। उदाहरण के लिए, कभी-कभी सड़क किनारे लोग या वाहन अचानक सामने आ जाते हैं, या फिर सड़क पर जाम और अव्यवस्था उत्पन्न होती है। इन सभी घटनाओं को डैशकैम रिकॉर्ड करता है और भविष्य में आवश्यक होने पर प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है। साथ ही, डैशकैम सामाजिक दृष्टि से भी बहुत उपयोगी है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं के बाद झूठे आरोप, विवाद या भीड़ द्वारा उत्पन्न तनाव आम है।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत

हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों से तबाही का खतरा

जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियरों के पिघलने की गति जिस तेजी से बढ़ रही है, उसी गति से ग्लेशियर झीलों की तादाद भी बढ़ रही है। इस हिमालयी इलाके में ग्लेशियर झीलों की बेतहाशा बढ़ती तादाद निचले इलाकों में रहने वालों के लिए भीषण खतरा बन गई है। उच्च हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर झीलों के आकार में तेजी से हो रही बढ़ोतरी ने वैज्ञानिकों और प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है। वैज्ञानिकों के अध्ययन इस बात के जीते-जागते सबूत हैं कि ग्लेशियर झीलों के विस्तार भविष्य में 2013 की केदारनाथ त्रासदी जैसी भीषण आपदा का सबब बन सकती है। इसलिए इस पर तत्काल अंकुश लगाये जाने की जरूरत है। यदि हिमालयी राज्य उत्तराखंड को लें, तो इसके उच्च हिमालयी क्षेत्र में लगभग 1266 से भी अधिक ग्लेशियर झीलें हैं। इनमें 13 तो बेहद खतरनाक हैं। इनमें भी पांच उच्च जोखिम वाली क्षेणी में हैं। इनमें बहुतेरी झीलें ऐसी हैं जो विभिन्न कारणों से बनती-बिगड़ती रहती हैं। हाल ही में एक नयी आफत दस्तक दे रही है। वह यह है कि पिथौरागढ़ की दारमा घाटी के ऊपर करीब सात सौ मीटर लम्बी और छह सौ मीटर चौड़ी ग्लेशियर झील ने वैज्ञानिकों को अचरज में डाल दिया है। सबसे बड़ी चिंतनीय बात यह है कि इस झील के आकार में बीते दिनों करीब तीस फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। केन्द्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक अकेले अरुणाचल में 197 से ज्यादा ग्लेशियर झीलें हैं। ये अपना खतरनाक स्तर पर विस्तार कर रही हैं। इनके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल में 6 और उत्तराखंड में 5 झीलें हैं। कुल मिलाकर 2025 में ही 1,435 ग्लेशियर झीलों का विस्तार हुआ है जो तबाही का संकेत है। गौरतलब है कि ग्लेशियर झीलों का मुद्दा 2013 में केदारनाथ आपदा के समय महत्वपूर्ण बन गया जबकि चौराबाडी ग्लेशियर की झील के फटने से तबाही आई थी। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया के मुताबिक उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में लगभग 968 ग्लेशियर हैं जिनमें 12000 ग्लेशियर झीलें मौजूद हैं। देखा गया है कि आये दिन उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियर से बनने वाली झीलों में जरूरत से ज्यादा पानी आने के कारण बाढ़ का खतरा मंडराता रहता है। इनको लेकर नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथारिटी द्वारा इन बर्फीली वादियों में बनी झीलों पर बीते महीनों में किये गये अध्ययनों में कई हैरानी वाली बातें सामने आयीं हैं। इसकी पुष्टि वाडिया इंस्टीटयूट आफ हिमालयन जियोलाजी के शोध में भी की गई है। शोध में खुलासा हुआ है कि इन झीलों में पानी बढ़ने से इनका आकार तेजी से विकराल रूप लेता जा रहा है। इसके चलते हमेशा आउटबर्स्ट का खतरा बना रहता है। 2021 में हिमनद का एक हिस्सा टूटने से चमोली में धौलीगंगा नदी में बाढ़ और 2013 में केदारनाथ त्रासदी इसकी जीती-जागती मिसाल है। चूंकि हिमालयन क्षेत्र भूकंपीय दृष्टि से काफी संवेदनशील है, इसलिए यह खतरा और बढ़ जाता है। यही वजह है कि वैज्ञानिक और पर्यावरणविद हिमालयी अंचल में बनी इन झीलों से आने वाले भीषण खतरों के प्रति काफी चिंतित हैं। इस सच्चाई को दरगुजर नहीं किया जा सकता कि भारत में ग्लेशियर झीलों का क्षेत्रफल लगातार बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के शोध-अध्ययन और रिपोर्ट इस बात के प्रमाण हैं कि भारत में मौजूद 432 ग्लेशियर झीलों में बहुतेरी ऐसी हैं जिनका आकार जून 2025 के दौरान बढ़ा है। केन्द्रीय जल आयोग की मानें तो देश में सबसे अधिक हिमनद झीलें अपने विस्तार में चिंताजनक रुझान दिखा रही हैं जो खतरनाक संकेत हैं। याद रखना होगा कि ग्लेशियर मात्र बर्फीले शिखर ही नहीं हैं, वे हमारे भविष्य की जड़ें हैं। फिर हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बर्फ के पिघलने से पूरा का पूरा पारिस्थितिकीय तंत्र बदल जाता है जो पर्यावरण के लिए बेहद खतरनाक है। बढ़ते खतरे से निपटने की दिशा में हमें तत्काल कार्रवाई, फंडिंग के साथ ही अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सहयोग की भी बहुत जरूरत है। इसके अलावा हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव के साथ-साथ हिमालय क्षेत्र में मानवीय दखलंदाजी पर अंकुश, जलवायु परिवर्तन के दानव और कार्बन उत्सर्जन पर लगाम लगानी ही होगी, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब हिमालय की धारायें मौन हो जाएंगी, हम बूंद-बूंद पानी के लिए तरस जायेंगे, खेत सूख जाएंगे, जमीन बंजर हो जाएगी। निष्कर्ष यह कि आपदा प्राकृतिक हो या मानवीय निर्मित ,प्राकृतिक आपदा को तो हम रोक नहीं सकते लेकिन जागरूकता, सतर्कता और सावधानी से होने वाले जान-माल के नुकसान को कम जरूर कर सकते हैं। इसलिए ऐसे कदम प्राथमिकता के आधार पर तो हम उठा ही सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

संपत्ति को परमार्थ में न लगाना ही असफलता



संकलित
दर्शन

संतोष सभी गुणों में सर्वोपरि है। जीवन में संतुष्टि है, तो सद्गुणों को अपनाना सहज है। जहां सद्गुणों का वास है, वहां दुर्गुणों का नाश हो ही जाता है। क्योंकि, असंतुष्टि अशांति व अवगुणों की जननी है। असंतुष्टि का कारण अप्राप्ति है, किसी न किसी इच्छा या अपेक्षा की अपूर्ति है। ईश्वरीय ज्ञान, गुण व शक्तियों की प्राप्ति, धारणा व उपार्जन से इंसान की सभी सदिच्छाओं व आवश्यकताओं की सहज पूर्ति हो जाती है। संतुष्ट आत्मा बनने का अर्थ है सदा सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना। संतोष द्वारा सर्व दिव्य गुणों का आह्वान होता है, जिससे सर्व अवगुणों की आहुति स्वतः हो जाती है। जीवन में अप्राप्ति या असंतुष्टि का कारण अंदर की कमियां या कमजोरियां ही हैं, जो परमात्म ज्ञान और योग साधना की प्राप्तियों से दूर हो जाती हैं। जिन्हें सर्व प्राप्तियां हैं, उसके चिह्न उनके मुख और व्यक्तित्व में प्रसन्नता के रूप में दिखाई देते हैं। आजकल लोगों के चेहरे पर सदा प्रसन्नता की झलक देखने को नहीं मिलती है। इंसान कभी प्रसन्नचित्त है तो और कभी प्रश्नचित्त बन जाता है। किसी भी परिस्थिति में हम क्यों, क्या, कैसे, कब... जैसे प्रश्नों से प्रश्नचित्त बन जाते हैं। पर कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो सदा प्रसन्नचित्त होते हैं। उनकी किसी भी बात में प्रश्न नहीं होता है। जो प्राप्तियों से सम्पन्न होता है, उसमें हलचल नहीं होती है। जो खाली होता है, उसमें हलचल होती है। स्वयं से पूछिए कि क्या मैं सदा प्रसन्नचित्त रहता या रहती हूं? यदि प्रसन्नता कम होती है तो उसका कारण प्राप्ति की इच्छा है।

एक सत्संग ऐसी भी

संकलित
प्रेरणा

एक सेठ और सेठानी रोज सत्संग में जाते थे। सेठजी के घर एक पिंजरे में तोता पाला हुआ था। तोता एक दिन पूछता हैं कि सेठजी आप रोज कहाँ जाते है। सेठजी बोले कि, सत्संग में ज्ञान सुनने जाते है। तोता कहता है, सेठजी संत महात्मा से एक बात पूछना कि में आजाद कब होऊंगा। सेठजी सत्संग खत्म होने के बाद संत से पूछते है कि महाराज हमारे घर जो तोता है उसने पूछा हैं की वो आजाद कब होगा? संत जी ऐसा सुनते हीं बेहोश होकर गिर जाते है। घर आते ही तोता सेठजी से पूछता है कि सेठजी संत ने क्या कहा। सेठजी कहते है तेरी आजादी का पूछते ही वो बेहोश हो गए। दूसरे दिन सेठजी सत्संग में जाने लगते है तब तोता पिंजरे में जानबूझ कर बेहोश होकर गिर जाता हैं। सेठजी उसे मरा हुआ मानकर जैसे हीं उसे पिंजरे से बाहर निकालते है, तो वो उड़ जाता है। सत्संग जाते ही संत सेठजी को पूछते है कि कल आप उस तोते के बारे में पूछ रहे थे ना अब वो कहाँ हैं। सेठजी कहते हैं, हाँ महाराज आज सुबह-सुबह वो जानबुझ कर बेहोश हो गया , मैंने देखा की वो मर गया है इसलिये मैंने उसे जैसे ही बाहर निकाला तो वो उड़ गया। तब संत ने सेठजी से कहा की देखो तुम इतने समय से सत्संग सुनकर भी आज तक सांसारिक मोह-माया के पिंजरे में फंसे हुए हो और उस तोते को देखो बिना सत्संग में आये मेरा एक इशारा समझ कर आजाद हो गया।

अंतर्मन

आज की पाती

पशुओं के संरक्षण-संवर्धन का संकल्प लें

चार अक्टूबर को विश्व पशु कल्याण दिवस मनाया जाता है। देश में पशु जगत की दुर्दशा को देखकर मन विचलित हो जाता है। गोधन की दुर्दशा देखकर हृदय कंपित हो उठता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि में पशुओं के प्रति प्रेम और सहानुभूति अभूतपूर्व थी। पशुओं के संरक्षण के लिए आज हमें ठोस प्रयास करने होंगे। पशुओं का अनिवार्य रूप से संरक्षण होना चाहिए। सामूहिक रूप से हिंसा उन्मूलन के प्रयास तेज होने चाहिए। उससे अहिंसात्मक मूल्यों की प्राणप्रतिष्ठा हो सकती है। पशु दुर्व्यवहार एक तरह से जानबूझ कर करने वाला कार्य जैसे मारना, जलाना, भोजन-पानी, आश्रय, देखभाल में कमी जैसी उपेक्षा से पशुओं को पीड़ा होती है। पशु शिकायत नहीं कर सकते। इसलिए हमें उनके संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए।

– अशोक दुबे, दुर्ग

ट्रेंड

दार्जिलिंग में पुल दुर्घटना

दार्जिलिंग में भारी बारिश के कारण हुई दुखद जनहानि से मैं बेहद दुखी हूँ। मेरी संवेदनाएँ उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ।

- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

मेरी गहरी संवेदनाएं

पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भारी बारिश और भूस्खलन से कई लोगों की मौत और कई के लापता होने की ख़बर बेहद दुखद है। मैं प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और लापता लोगों के सुरक्षित मिलने की आशा करता हूं।

-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

जवाबदेही तय करे सरकार

यह बेहद शर्म की बात है कि भाजपा सरकार में ऐसी आदर्श योजना भी बदनाम हो रही है क्योंकि खांसी की दवा से मौतें हो रही हैं। राज्य सरकार इन मौतों की जवाबदेही तय करने के बजाय (इन्हें) स्वीकार ही नहीं कर रही है।

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

इंसानों की सेवा

आम आदमी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता गोवा को ठीक करने के लिए कर रहा काम। पार्टी राजनीति में सेवा करने के लिए आई है। इंसानों की सेवा करने से भगवान की पूजा करने के समान पुण्य मिलता है। हमारी सभी धार्मिक किताबें इंसानों की सेवा करने का ज्ञान देती हैं।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

करंट अफेयर

चरमपंथी लेबनानी पॉप स्टार का आत्मसमर्पण

पॉप स्टार से वांछित इस्लामी चरमपंथी बने लेबनान के एक व्यक्ति ने 12 साल बाद शनिवार को खुद को देश की सैन्य खुफिया सेवा के हवाले कर दिया। न्यायिक और सुरक्षा अधिकारियों ने यह जानकारी दी। लेबनान के शहर सिडोन में जून 2013 में सुन्नी मुस्लिम चरमपंथियों और लेबनानी सेना के बीच सड़क पर हुए खूनी संघर्ष के बाद से फदल शकर फरार था। उसकी गैरमौजूदगी में मुकदमा चलाया गया और 2020 में एक 'आतंकवादी समूह' को समर्थन देने के आरोप में 22 साल जेल की सजा सुनाई गई। दो सुरक्षा और दो न्यायिक अधिकारियों ने बताया कि शनिवार की रात एक लेबनानी सैन्य खुफिया बल सिडोन के पास ऐन अल-हिल्वेह के फिलस्तीनी शरणार्थी शिविर में पहुंचा और शकर को हिरासत में ले लिया, जो 12 साल से अधिक समय से इसी शिविर में छिपा हुआ था। नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि शकर लेबनानी अधिकारियों की गिरफ्तारी में है, उससे पूछताछ की जाएगी और सेना के खिलाफ अपराध करने के नए आरोपों पर मुकदमे की तैयारी की जाएगी। शकर एक पॉप स्टार था, जो 2002 में अपने एक जबरदस्त हिट गाने के साथ पूरे अरब जगत कें बेहद लोकप्रिय हुआ था।

ऑफ बीट

रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं।यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।

रॉयल पत्रिका

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सवाई मानसिंह अस्पताल में हुई दुखांतिका पर जताया गहरा शोक

-देर रात घटना स्थल पर पहुंचे मुख्यमंत्री, प्रभावितों को हर संभव राहत देने के दिए

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार देर रात सवाई मानसिंह अस्पताल में ट्रोमा एवं अस्थि रोग संस्थान के न्यूरोसर्जरी आईसीयू-1 में इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग से हुई दुर्घटना पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री हादसे की जानकारी मिलते ही देर रात घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घायलों से मिलकर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। शर्मा ने पूरी स्थिति का जायजा लिया और चिकित्सकों एवं अधिकारियों को प्रभावितों को त्वरित राहत देने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि यह हादसा अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में राज्य सरकार परिजनों के साथ खड़ी है तथा सरकार उन्हें हरसंभव मदद उपलब्ध करवाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस हादसे की जांच के लिए आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा विभाग इकबाल खान की अध्यक्षता में कुल 6 सदस्यों की एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति आग लगने के कारण, दुर्घटना की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की व्यवस्था सहित भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृति नहीं हो, पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करेगी। शर्मा ने कहा कि मरीजों की सुरक्षा, उपचार और प्रभावितों की देखभाल राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

करीम नगर विकास समिति ने अशोक जांगिड़ का स्वागत किया

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। गोनेर रोड पर सीवर लाइन की समस्या को लेकर हाल ही में हुई भूख हड़ताल के प्रमुख आयोजक अशोक जांगिड़ और उनके साथियों का करीम नगर विकास समिति की ओर से स्वागत किया गया। अशोक जांगिड़, कैलाश मीणा, घनश्याम सिंह और प्रहलाद मीणा 4 अक्टूबर को करीम नगर विकास समिति के कार्यालय पहुंचे, जहां समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर समिति के वरिष्ठ सदस्य रशीद खान व अध्यक्ष जावेद शेख़ और सचिव इंतेखाब आलम ने अतिथियों का स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि सीवर लाइन जैसी मूलभूत समस्या के समाधान के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। गौरतलब है कि 2 से 3 अक्टूबर तक गोनेर रोड पर सीवर लाइन की समस्या को लेकर अशोक जांगिड़ एवं उनके साथियों ने भूख हड़ताल की थी। 3 अक्टूबर को स्थानीय विधायक कैलाश वर्मा के आश्वासन के बाद यह हड़ताल समाप्त हुई थी।

ट्रोमा सेंटर आईसीयू में आग हादसा नहीं, षड्यंत्र है

-कफ सिरप कांड से ध्यान भटकाने की साजिश- आम आदमी पार्टी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आम आदमी पार्टी ने राजधानी जयपुर स्थित एसएमएस अस्पताल के ट्रोमा सेंटर आईसीयू में लगी आग की घटना को "योजनाबद्ध षड्यंत्र" करार दिया है। पार्टी का कहना है कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि कफ सिरप कांड में सरकार और अधिकारियों की लापरवाही से उपजे जनाक्रोश को दबाने की राजनीतिक साजिश है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि जिस केयसंस फार्मा कंपनी की कफ सिरप से प्रदेश में मासूम बच्चों की मौत हुई, उस पर ठोस कार्रवाई करने के बजाय सरकार अब जनता का ध्यान भटकाने के लिए नए नाटक रच रही है। भ्रष्टाचार, लापरवाही और मिलीभगत को छिपाने के लिए यह घटना सुनियोजित प्रतीत होती है। प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस ने कहा — "यह बेहद शर्मनाक है कि सरकार अपनी नाकामियों पर पर्दा डालने के लिए अब अस्पताल जैसी संवेदनशील जगहों पर सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। ट्रोमा सेंटर में आग लगना कोई आकस्मिक घटना नहीं बल्कि गंभीर षड्यंत्र और लापरवाही का परिणाम है। अगर यह हादसा नहीं, तो जिम्मेदार अधिकारी अब तक सलाखों के पीछे क्यों नहीं हैं?" सहप्रभारी घनेंद्र भारद्वाज ने कहा "कफ सिरप से हुई मासूम बच्चों की मौतों पर जनता जवाब मांग रही थी। लेकिन जवाब देने की बजाय सरकार ने नया ड्रामा खड़ा कर दिया ताकि जनता का ध्यान असली मुद्दे से हट जाए। यह सरकार की पुरानी नीति है — जब भी घिरती है, तब कोई नया संकट खड़ा कर देती है।" पार्टी के पूर्व मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही पार्टी कार्यकर्ता आशुतोष रांका, अमित दाधीच, प्रशांत जयसवाल, धीरज जैन सहित कई अन्य साथी मौके पर पहुंचे और अस्पताल प्रशासन को हर संभव सहयोग प्रदान किया। आम आदमी पार्टी ने मांग की है कि ट्रोमा सेंटर आईसीयू आग प्रकरण की न्यायिक जांच कराई जाए, जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए और कफ सिरप कांड के सभी दोषियों को सार्वजनिक रूप से बेनकाब किया जाए और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खीवसर तत्काल प्रभाव से अपने पद से इस्तीफा देवे और अपनी इंसानियत साबित करे।

भूपेंद्र यादव तथा संजय शर्मा ने लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में की शिरकत

-दीक्षांत समारोह में 672 पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक विद्यार्थियों को वितरित की डिग्रियां

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अलवर जिला स्थित प्रताप ऑडिटोरियम में आयोजित लॉर्ड्स यूनिवर्सिटी के प्रथम दीक्षांत समारोह में शिरकत कर कुल 672 पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की। इस दौरान विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले टॉपर छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर भी सम्मानित किया गया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दीक्षांत समारोह में डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यूनिवर्सिटी के डिग्रीधारियों ने विभिन्न विषयों में अच्छे कार्य किए हैं, इन कार्यों को आगे बढ़ाते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि हमें मूल्य आधारित जीवन जीना चाहिए। उन्होंने कहा कि असफलता से सीख लेकर कठिन चुनौतियों का सामना करते हुए सफलता प्राप्त करें। केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम ऐसे भारत का निर्माण करना चाहते हैं जो आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी हो। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता का आधार यह है कि कोरोना महामारी के दौरान केंद्र की सरकार ने वैक्सीन के माध्यम से 140 करोड लोगों को सुरक्षा कवच दिया। उन्होंने कहा कि आज हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का मायना यह है कि गांधी जी के चरखे से शुरू होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चंद्रमा तक पहुँचने की यात्रा, स्वदेशी की यात्रा है। उन्होंने कहा कि हम साइंस एवं विजडम के मेल से 2047 का विकसित भारत बनेंगे, 2047 के विकसित भारत की बुनियाद के लिए अनेकों रिफॉर्म किए गए जिनमें पॉलिसी, लेजिसलेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर रिफॉर्म प्रमुख है, जिससे देश की आने वाली पीढ़ी को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल वातावरण मिलगा। उन्होंने कहा कि हमने इज ऑफ डूइंग और इज ऑफ लिविंग में अनेकों कार्य किए हैं, युवा पीढ़ी विजडम व तर्क के आधार पर आत्मनिर्भर में स्वदेशी भारत के लिए कार्य करें।

8 अक्टूबर तक विद्यार्थी कर सकेंगे नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का निशुल्क भ्रमण

- वन्यजीव सप्ताह के तहत फ्री विजिट बनी स्टूडेंट्स के लिए आकर्षण केन्द्र

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। वन्यजीवों में रूची रखने वाले विद्यार्थियों के लिए 71वें विश्व वन्यजीव सप्ताह सौगात साबित हो रहा है। सप्ताह के तहत विद्यार्थी 8 अक्टूबर तक विद्यार्थी नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क का निशुल्क भ्रमण कर सकते हैं। नाहरगढ़ जैविक उद्यान के सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि पार्क के निशुल्क भ्रमण को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार को 2,000 से अधिक छात्र-छात्राओं ने पार्क का निशुल्क भ्रमण किया और वन्यजीवों की चहलकदमी एवं अठखेलियां देखकर रोमांचित हुए। उन्होंने बताया कि सम्भागीय मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) जयपुर डॉ. टी. मोहनराज के पर्यवेक्षण एवं उपवन संरक्षक (वन्यजीव) चिड़ियाघर जयपुर विजयपाल सिंह के निर्देशन में वन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण के महत्व से अवगत कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। भ्रमण के दौरान विशेषज्ञ छात्रों को विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों, उनके प्राकृतिक व्यवहार और संरक्षण से जुड़ी रोचक जानकारियाँ साझा कर रहे हैं। इस पहल से बच्चों में पर्यावरण संरक्षण एवं वन्यजीवों के प्रति जिज्ञासा और संवेदनशीलता बढ़ रही है। सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार को एम.एन.आई.टी. परिसर में उपवन संरक्षक (वन्यजीव) विजयपाल सिंह के मुख्य आतिथ्य में "मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व" विषय पर जागरूकता परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त उपवन संरक्षक देवेंद्र भारद्वाज, प्रो. वीरेन्द्र सारण, वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द माथुर, क्षेत्रीय वन अधिकारी (जयपुर प्रादेशिक) जितेन्द्र सिंह शेखावत तथा सतीश चन्द्र सहित अनेक विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने बताया कि परिचर्चा के पश्चात एक मॉक ड्रिल आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं को यह बताया गया कि यदि आसपास वन्यजीव दिखाई दें तो किस प्रकार की सावधानियां बरती जानी चाहिए। वन्यजीव सप्ताह के तहत प्रतिदिन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, निबंध लेखन, क्विज़ और जागरूकता सत्र जैसी विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को छात्र-छात्राओं के बीच चित्र पहचान प्रतियोगिता एवं लघु निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। सहायक वन संरक्षक देवेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि इस अवसर पर कल्पतक प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल जयपुर की ओर से सर्प मित्र रवि मीणा, छात्र जितेन्द्र सिंह शेखावत (रेंजर, जयपुर प्रादेशिक), कृष्ण कुमार मीणा (सहायक वनपाल), राजाराम मीणा (सहायक वनपाल), सतीश चन्द्र एवं रोहित गंगवाल को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्होंने बताया कि 71वें विश्व वन्यजीव सप्ताह के तहत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियां वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

सूफी मुंशी बुर्रहान उल्ला का उर्स कूल की रस्म के साथ मे सम्पन

-"जब भी मुश्किल का कोई मक़ाम आगया, नाम ए अहमद मेरे वहीं काम आगया"

मनोहरपुर (रॉयल पत्रिका)। चौमू रावण गेट मोहल्ला नागोरियान में सूफी मुंशी बुर्रहान उल्ला का 3 दिवसीय वार्षिक उर्स 5 अक्टूबर रविवार को कूल व लंगर के साथ विधिवत सम्पन्न होगा। मोहम्मद फिरोज़ (गद्दीनाशीन) सूफ़ी मुंशी बुरहानउल्ला साहब ने बताया कि 3 अक्टूबर शुक्रवार 2025 को सुबह कुरआन ख़्वानी के साथ मे उर्स का आगाज़ हुआ इसी के साथ मे हिन्द मुस्लिम जायरिनों का आना प्रारम्भ हुआ रात्रि 10 बजे बाद में मिलादुन्नबी कमेटी चौमू के द्वारा मिलाद शरीफ हुई जिसमे खुदा के हुकम व मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गई। ख़िदमतगार दिनेश मानावत ने बताया कि इसी प्रकार 4 अक्टूबर 2025 शनिवार को चद्दर (दोपहर 2 बजे बाद) फातेहा व रात्रि 10 बजे बाद में राजस्थान की मशहूर कव्वाल पार्टियों में द्दिन मोहम्मद एंड कव्वाल पार्टी द्वारा सम्पूर्ण रात्री तक बाबा की मान मनुहार की गई। रात्रि 1 बजे बाद जयपुर के बंगाली बाबा के गद्दी नशीन सूफ़ी नूरुद्दीन शाह के आने के बाद में कव्वालों ने "जब भी मुश्किल का कोई मक़ाम आगया, नाम ए अहमद मेरे वहीं काम आगया" सुनाकर महफ़िल को खुश कर दिया। इसी प्रकार 5 अक्टूबर रविवार 2025 को कूल व लंगर के साथ में उर्स का समापन हुआ। इस अवसर पर सराहनीय कार्य करने वालो पत्रकारों व सुफी लोगों की दस्तारबंदी बन्दी की गई। इस अवसर पर रामावतार मानावत,हबीब नेता जी, कप्तान खान, अब्दुल रशीद खान, मोहम्मद फ़रमान खान पठान,शमशेर खान चौहान, सनिफ़ खान चौहान,जमशेर खान, शोकत खान लोहानी, डॉक्टर अशफ़ाक़ खान, कबीर पठान, ज़ेनब पठान, सलार उर्फ अली पठान आदि उपस्तीथ थे।

नगर निगम ग्रेटर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्यवाही

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। नगर निगम ग्रेटर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में करीम नगर खोनागोरियान, सीबीआई फाटक जगतपुरा, मनोहरपुरा कच्चीबस्ती, डब्लुटीपी नाला, गांधीपथ वैशाली नगर, महाराणा प्रताप मार्केट रंगोली गार्डन रोड़, अक्षरधाम मन्दिर रोड़ एवं चित्रकुट वैशाली नगर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 05 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइश करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में अवैध अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध भारी चालान या प्रभावी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

राजीविका द्वारा इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर मे सुमंगल

-सुमंगल-दीपावली मेला महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को विक्रय करने के लिए उन्नत मंच प्रदान कर रहा है

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् (राजीविका) द्वारा सुमंगल-दीपावली मेले का आयोजन इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान परिसर, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभाग श्रेया गुहा ने रविवार को सुमंगल-दीपावली मेले का दौरा कर कहा कि ऐसे मेले महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को विक्रय करने के लिए उन्नत मंच उपलब्ध करवाते है जहाँ ये महिलाए अपने द्वारा बनाये गये उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त करती है। प्रदेश के स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्य, अपने उत्पादों को मेले में प्रदर्शित एवं विक्रय कर रही हैं एवं हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम, खाद्य एवं उन्नत तकनीक से बने हुए उत्पादों को प्रदर्शित भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों द्वारा इस मेले में ग्रामीण उत्पादों के लिए खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सौंदर्यता से ओतप्रोत सभी जिलों की संस्कृति, परिधान, भाषा एवं पारंपरिक उत्पादों के बेजोड़ नमूने इस मेले में देखने को मिल रहे है। मेले में राजस्थान की ब्लू पोटरी, कोटा डोरिया, लोहे के सामान, रोज प्रोडक्ट्स, लाख की चूड़ियां, आचार, नमकीन, मंगोड़ी, पापड, टेराकोटा, जूट के उत्पाद, बाजरे के उत्पाद, सांगानेरी प्रिंट, कैर सांगरी, कसूरी मेथी, पेपर प्रोडक्ट्स, तीर कमान, सॉफ्ट टॉयज और राजस्थानी जूतियाँ मुख्य रूप से आकर्षण का केंद्र है। अतिरिक्त मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास विभाग ने कहा कि राजीविका द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों में संगठित कर उनको प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता प्रदान कर उनकी आजीविका संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। राजीविका स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों के द्वारा गैर कृषि कार्यों में मुख्यतः हैंडलूम, हेंडीक्राफ्ट एवं खाद्य गतिविधियों में पारंपरिक विधियों से कार्य किया जाता है। उल्लेखनीय है कि आयोजन के लिए इंदिरा गांधी पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास संस्थान, जयपुर का परिसर अत्यंत सौंदर्य भरा है। यहाँ आयोजित किये जाने वाले मेले में फ़ूड कोर्ट के अंतर्गत खाद्य सामग्री जिसका लाजवाब स्वाद कभी भूलना आसान नहीं होता है। अक्टूबर माह में दीपावली पर्व होने के कारण हर्षोल्लास के समय मेला आयोजित करना अत्यंत लाभकारी होता है। इस मेले में वर्षा ऋतु एवं शरद ऋतु का सामंजस भरा वातावरण देखने को मिलता है।

मासूम बच्चों की मौत के बाद कफ सिरप कांड पर केंद्र सरकार का दिखावटी एक्शन- आम आदमी पार्टी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ बुलाई गई बैठक को "दिखावटी कदम" बताते हुए कहा है कि बच्चों की मौतों के बाद जनता के गुस्से को शांत करने के लिए यह बैठक महज़ औपचारिकता है। आप प्रदेश प्रभारी धीरज टोकस ने कहा कि नकली कफ सिरप से देशभर में मासूमों की मौत के आंकड़े बेहद चौंकाने वाले हैं। केवल राजस्थान ही नहीं, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में दर्जनभर से अधिक मासूम बच्चों की मौत के आंकड़े सामने आए हैं। इसके बावजूद अब तक किसी बड़ी फार्मा कंपनी और अधिकारी पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई। इससे साफ होता है कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों की मिलीभगत नकली दवा कारोबारियों के साथ है, जो इनसे राजनीतिक चंदा लेकर संरक्षण पा रहे हैं। आप के सहप्रभारी घनेंद्र भारद्वाज ने कहा कि "शनिवार को राजस्थान के स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खीवसर ने मीडिया के सवालों से बचते हुए जो बयान दिया, वह पूरी तरह से नकली दवा कारोबारियों के बचाव में था। उन्होंने मासूम बच्चों की मौत का दोष उनके माता-पिता पर मढ़कर उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम किया है। आम आदमी पार्टी उनके इस असंवेदनशील बयान की कड़ी निंदा करती है और उनके तत्काल इस्तीफे की मांग करती है।" पार्टी ने कहा कि मंत्री खीवसर ने अपने बयान से यह साबित कर दिया है कि वे जनता के बजाय दवा माफिया के पक्ष में खड़े हैं, और राजस्थान की आठ करोड़ जनता के साथ विश्वासघात कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने यह भी कहा कि कांग्रेस, जो राज्य में खुद को विपक्ष बताती है, उसकी चुप्पी इस पूरे मामले में संदेह पैदा करती है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस और भाजपा दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं — एक सत्ता में है और दूसरा मौन समर्थन दे रहा है।

प्रधानमंत्री की राजस्थान के युवाओं को बड़ी सौगात

-भरतपुर स्थित आईटीआई हब के रूप में होगा उन्नत

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भरतपुर स्थित आईटीआई को हब के रूप में उन्नत बनाने की सौगात के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के इस महत्वपूर्ण निर्णय से युवाओं को कौशल विकास के अवसर प्राप्त होंगे। शर्मा ने कहा कि पीएम-सेतु योजना के प्रथम चरण में भरतपुर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) को हब के रूप में विकसित करने के साथ ही आईटीआई धौलपुर, आईटीआई करौली, आईटीआई कामां और आईटीआई बयाना को स्पोक संस्थानों के रूप में उन्नत बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस नवीन पहल से युवाओं को उत्कृष्ट तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण प्राप्त होगा, साथ ही रोजगार के और अधिक अवसर भी सृजित होंगे।

आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

बिजली फॉल्ट के लिए		**पानी के लिए**	
टोल फ्री नंबर	18001806507	जलदाय कार्यालय	2706624
वॉट्सएप नंबर	9414037085	फायर ब्रिगेड	2747400
कस्टमर केयर	2203000	**मेडिकल इमरजेंसी के लिए**	
आईवीआरएस	1912	एंबुलेंस	102/ 108
कचरा गाड़ी के लिए		एसएमएस इमरजेंसी	2518333
ग्रेटर	2747400	महिला चिकित्सालय	22610616
सीवरेज लीकेज	2607500	जनाना हॉस्पिटल	22378721
हेरिटेज	2607500	SDMH	22574189
टोल फ्री नंबर	14420	SMS ब्लड बैंक	22518222
पुलिस की मदद के लिए		कल्याण ब्लड बैंक	22721771
साइबर क्राइम	1930/2360094	**घायल पशुओं के लिए**	
कंट्रोल रूम	2388435/36/37/38	नगर निगम	2747400
ट्रैफिक कंट्रोल रूम	2565630	बर्ड बाइक	9887345580
चाइल्ड हेल्पलाइन	1098	हेल्प इन सफरिंग	8107299711
महिला हेल्पलाइन	1090	जनमंच ट्रस्ट	7230055800
मुख्यमंत्री पोर्टल	181	पशु चिकित्सालय	2747400

ए. आर. मेमोरियल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में साइंस मेले का हुआ आयोजन

सीकर (रॉयल पत्रिका) । सीकर के फतेहपुर रोड स्थित ए. आर. मेमोरियल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के द्वारा साइंस मेले का आयोजन किया गया। स्कूल के निदेशक तौफिक चौहान ने बताया कि सभी छात्र-छात्राओं ने साइंस के मॉडल और प्रोजेक्ट के द्वारा पर्यावरण स्वच्छता, हमन बॉडी, वाटर सोर्स सिस्टम, वॉटर रॉकेट लॉन्चिंग सिस्टम वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम ग्लोबल वार्मिंग के द्वारा बच्चे- बच्चियों को साइंस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विज्ञान के व्याख्याता मो. आसिफ रंगरेज ने बताया कि रूहाना भुट्टो, फिजा बडगूजर, मरियम नाज, सना चौहान, फाईजा भुट्टो व निखत सैयद ने ए. आर. मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के मॉडल द्वारा बताया कि अगर एक ही हॉस्पिटल में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी तो मरीजों का उपचार आसानी से किया जा सकता है और समय रहते मरीजों की जान बचाई जा सकती है, साथ ही सभी सुविधाएं एक ही हॉस्पिटल में उपलब्ध होंगी तो मरीजों को रेफर करने की आवश्यकता नहीं होगी। व्याख्याता मोहम्मद नदीम ने बताया कि कक्षा 10 के छात्र असरफ, फारुक, मोहित, तबरेज, शाहिद, रेहान, अरमान, समद द्वारा वाटर रॉकेट लॉन्चिंग का मॉडल तैयार किया गया । जिसमें न्यूटन का तीसरा नियम लागू होता है, इसमें हवा का दबाव जितनी गति से नीचे की ओर जाएगा रॉकेट उतनी ही तेज गति के साथ ऊपर की ओर जाएगी। वही कक्षा 10 की छात्रा अरवा, अक्शा, सफ़ीना, रेहाना द्वारा मानव हृदय तंत्र के

मॉडल के माध्यम से बताया कि हमारा हृदय किस प्रकार हमारे पूरी शरीर में खून को पहुंचता है साथ ही बताया कि मानव शरीर में हृदय का कुल वजन लगभग 300 ग्राम होता है, जो हमारे शरीर में एक पंप की तरह कार्य करता है एंव तंत्रिका कोशिका, मस्तिष्क और तंत्रिका तंत्र की मूलभूत इकाई है जो विद्त और रासायनिक संकेतों के माध्यम से सूचनाओं को संचारित करती है। ये कोशिकाएँ संवेदी इनपुट प्राप्त करती हैं, मांसपेशियों को मोटर कमांड भेजती हैं, और सोचने, महसूस करने और यादें बनाने में मदद करती हैं। न्यूरॉन में एक कोशिका काय (सोमा), कई डेंड्राइट (संकेत प्राप्त करने के लिए), और एक एक्सॉन (संकेत भेजने के लिए) होता है। वहीं अध्यापिका आयशा खान ने बताया कक्षा 7 के छात्र अब्दुल लतीफ, मोहमद अरमान मो. अमान ने संयुक्त रूप से ग्लोबल वार्मिंग का मॉडल तैयार किया जिसके माध्यम से सभी को यह जानकारी दी कि पर्यावरण में कार्बन डाइऑक्साइड गैस की वृद्धि के कारण पृथ्वी की सतह का धीरे-धीरे गर्म होना है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसके लिए विश्वव्यापी कार्रवाई की आवश्यकता है। पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे कई खतरे पैदा हो रहे हैं और प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है। इन सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही अच्छे ढंग से प्रैक्टिकली सभी चीजों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य राम स्वरूप सैनी, अकेडमीक डायरेक्टर मुस्तफ़ा सैयद, PTI बिलाल बेग, अफ़ज़ल चौहान, सुहेल चौहान, आवेश चौहान, फ़ैसल भाटी, आमिर चौहान, तसलिम आरीफ, रियाज़ सोलंकी ,इमरान तंवर, मंसूर अली, यूसुफ जाटू, सैफ़ अली गोरी, मो. नदीम, सादिक़ अहमद, आसीफ रंगरेज, शीसराम मीना, दिनेश कुमावत, उमर फारुक, हारून ख़ान, साबीर हाफीज, शहज़ाद नागौरी, संतरा देवी, आयसा खान, कुसुम मीणा, गुलिस्ताँ बानो, शाहिदा बानो, सानिया चौहान, सोनम गोड सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

इनर व्हील क्लब बारां 305 का दीपावली व करवाचौथ स्पेशल एक दिवसीय मेला उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ सम्पन्न

शब्बीर हुसैन

बारां (रॉयल पत्रिका)। इनरव्हील क्लब अध्यक्षा नीतू गुप्ता ने बताया कि इनर व्हील क्लब बारां 305 द्वारा 4 अक्टूबर 2025 को अग्रवाल धर्मशाला, अस्पताल रोड, बारां में आयोजित दीपावली व करवाचौथ स्पेशल मेला ने उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर वातावरण में सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि उर्मिला जैन भाया जिला प्रमुख द्वारा रिबन काटकर की गई। मंच पर दीप प्रज्वलन का कार्य मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। मधुर स्वर में त्रिशला जैन द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना ने पूरे वातावरण को भक्ति रस से भर दिया। इसके बाद सभी अतिथियों का तिलक, माला, साफा और दुपट्टे से पारंपरिक स्वागत किया गया। क्लब अध्यक्ष नीतू गुप्ता ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि इनरव्हील क्लब का उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। मुख्य अतिथि जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन महिलाओं को अपने

हुनर और प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं, जिससे आत्मविश्वास और सहयोग की भावना को नई दिशा मिलती है। मेले में बारां शहर के अनेक शॉप कीपर्स ने अपने स्टॉल्स मात्र ₹700 शुल्क में लगाए। करवाचौथ व दीपावली के सीजन के चलते ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ी और शॉपिंग का माहौल पूरे दिन उत्सव में बदल गया। सभी व्यापारी और ग्राहक रीज़नेबल प्राइस व सेल ऑफर्स से बेहद खुश नजर आए। चार्टर प्रेसिडेंट ललिता टोंग्या ने अपने सहज और सधे हुए अंदाज़ में मंच संचालन करते हुए पूरे कार्यक्रम को रोचक और सुव्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया। अंत में क्लब सचिव सीमा सिंह ने सभी आगंतुकों, प्रतिभागियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। आयोजन में कोषाध्यक्ष मंजू बंसल, प्रभारी बिंदु भारू एवं सुलेखा जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों और आगंतुकों ने क्लब की टीम की सराहना करते हुए कहा कि यह मेला न केवल शॉपिंग का केंद्र बना, बल्कि समाजिक जुड़ाव और महिला शक्ति का सुंदर उदाहरण भी पेश किया। क्लब की अनिता सेठी, चार्टर सेक्रेटरी मृदुला मारू, इंद्रा गालव, चन्द्रकलासेठी, त्रिशला जैन, शिल्पा गर्ग, चन्दा ठाकुरिया, सुधा गोयनका, राजश्री मेहता, प्रेरणा शर्मा, डॉक्टर नेहा गुप्ता, चारु गुप्ता, अंजू मारू ने पूर्ण सहयोग के साथ पूरे कर्यक्रम में सहभागिता निभाई।

आरजी स्पोर्ट्स ताइक्वांडो अकादमी

-सवाई माधोपुर में कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट आयोजित

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। आरजी स्पोर्ट्स ताइक्वांडो अकादमी में कलर बेल्ट प्रमोशन टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। इस टेस्ट में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मंजीत छिल्लर (जिन्होंने भारत की ओर से वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स, चीन में भाग लिया एवं नेशनल गोल्ड मेडल जीता) ने टेस्ट लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम गौरव मितल रहे। उन्होंने बच्चों को ताइक्वांडो के माध्यम से से सेल्फ डिफेंस, स्ट्रेचिंग और फिटनेस के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिए। एसडीएम साहब ने कहा कि ताइक्वांडो से न केवल शारीरिक फिटनेस बढ़ती है बल्कि यह विशेष रूप से लड़कियों के लिए आत्मरक्षा (Self Defence) में बेहद उपयोगी है, जिससे उनमें आत्मविश्वास और सुरक्षा की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र एसडीएम गौरव मित्तल द्वारा वितरित किए गए। कोच रामावतार गुर्जर, मोहित सिंह, अजीत फौजदार और एम.एस. खान ने एसडीएम साहब एवं मंजीत छिल्लर का स्वागत किया। सवाई माधोपुर के खिलाड़ियों ने येलो, ग्रीन, ब्लू और रेड बेल्ट प्राप्त कीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों बच्चों में खेल भावना, आत्मरक्षा और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

एआईसीसी जिला प्रभारी पहुंचे पाली, मीडिया से हुए रुबरु

मोहम्मद यासीन

पाली (रॉयल पत्रिका)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी के समर्पित और जमीनी कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने का अवसर दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए जिला प्रवक्ता रफीक चौहान ने बताया कि इसी क्रम में AICC जिला प्रभारी गीता भुक्कल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी प्रदेश महासचिव हरीश चौधरी एवं संजीव सिंह बारहठ मीडिया से रूबरू होकर संगठन सर्जन के संदर्भ में दिनांक 5 अक्टूबर को सर्किट हाउस पाली मे प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूती के लिए कार्य करने वाले कार्यकर्ता को मौका दिया जायेगा।

इस मौके परजिलाध्यक्ष अजीज दर्द, विधायक भीमराज भाटी, पीसीसी महासचिव शीशुपाल सिंह राजपुरोहित, पीसीसी सचिव भुराराम सीरवी, पाली शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई, नेहपाल सिंह सुमेरपुर, गणेश राम चौधरी, पुर्व सभापति प्रदीप हिंगड, कार्यकारी जिलाध्यक्ष प्रवीण कोठारी, सुमेरपुर प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा, रंजु रामावत, सेवादल प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव नीलम बिडला, विजय जोशी, भेरुसिंह राजपुरोहित, मेहबूब टी, महिला जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या सांखला, अभिलाष पिल्लई, जिला प्रवक्ता रफीक चौहान, जिला महासचिव आमीन अली रंगरेज, मदनसिंह जागरवाल, गोवर्धन प्रजापत, प्रेम सिंह राठौड़, एम, एम, बोड़ा सहित कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

अंता विधानसभा उपचुनाव 11 नवम्बर को, 21 अक्टूबर नामांकन की अंतिम तिथि

शब्बीर हुसैन

बारां, 6 अक्टूबर.(रॉयल पत्रिका) भारत निर्वाचन आयोग ने बारां जिले के विधानसभा क्षेत्र अंता (क्रमांक 193) में उपचुनाव की घोषणा कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार अंता विधानसभा क्षेत्र में 11 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को मतदान संपन्न होगा तथा 14 नवम्बर 2025 को मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव की अधिसूचना 13 अक्टूबर 2025 को जारी होगी। इसके साथ ही नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी। 21 अक्टूबर 2025 नामांकन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा 23 अक्टूबर को की जाएगी तथा 27 अक्टूबर 2025 तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अंता विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। सभी राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं नागरिकों से आचार संहिता की पूर्ण पालना करने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि अंता विधानसभा क्षेत्र में 1 अक्टूबर 2025 तक कुल 2,27,563 मतदाता पंजीकृत हैं, जिसमें 1 लाख 16 हजार 405 पुरुष एवं 1 लाख 11 हजार 154 महिला और 4 अन्य मतदाता नामांकित है जो विधानसभा क्षेत्र में स्थापित 268 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक संपन्न

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। 5 अक्टूबर 2025 को सवाई माधोपुर सिविल लाइन स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि सवाई माधोपुर जिला के अल्पसंख्यक विभाग के प्रभारी मोहम्मद सलीम थे। विशिष्ट अतिथि सह प्रभारी आरिफ मोहम्मद बिसायती उनके साथ में मौलाना हसन खान, शरीफ खान, अजमल खान, उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष गिर्राज सिंह गुर्जर ने की, बैठक में मोहम्मद सलीम ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का वर्ष 2025 संगठन सर्जन अभियान के तहत में कार्यकर्ताओं को जोड़ा जा रहा है। सक्रिय कार्यकर्ताओं को कांग्रेस में जोड़ा जाकर उनको सम्मान दिया जाएगा। जो निष्क्रिय कार्यकर्ता है उनको आराम करने का मौका दिया जाएगा। सभी कार्यकर्ता संगठन सर्जन अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करे। आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा कि सवाई माधोपुर जिला

कांग्रेस कमेटी का संगठन मजबूत है। यहां की जिला अध्यक्ष पूरे जिले के अंदर कार्यकर्ताओं को जोड़ रहे हैं एवं आए दिन मीटिंग लेकर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का काम कर रहे हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव कुलदीप जैन सोशल मीडिया प्रभारी अजय शर्मा ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के नेतृत्व में पूरे जिले के कार्यकर्ता सक्रिय हैं। उनके नेतृत्व में पूरे जिले के कार्यकर्ता आए दिन धरना प्रदर्शन बैठके आयोजित की जा रही है। बैठक का संचालन जिला महासचिव सतीश श्रीवास्तव ने किया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव हरिमोहन शर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुनील शर्मा, नगर परिषद उपसभापति अली मोहम्मद, मलारना डूंगर पंचायत समिति के उपप्रधान फजलुद्दीन, यूथ कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष इरशाद खान, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव सोनिका शर्मा, केदार मीणा, बंसी लाल मीणा, इंद्रजीत दुबे, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के एम कवरिया, राधेश्याम मीणा, जन अभाव अभियोग के प्रदेश सचिव सुरेंद्र नाटाणी, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कांजी मीणा, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव अब्दुल गफूर, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद अनीस रंगरेज, अशोक लोदवाल, पूरणमल जाट, इमरान सामरी, छुट्टन लाल मीणा, नगर अध्यक्ष खिरनी, प्यार सिंह गुर्जर, मस्तराम गुर्जर, हरीश महेश्वरी, शंकर लाल मीणा, प्रदेश सचिव मोहम्मद हसन गोरी, हिमायत अली आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में RAMAS 2025 का सत्रहवाँ वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक संपन्न

उदयपुर (रॉयल पत्रिका)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में RAMAS 2025 का सत्रहवाँ वार्षिक अधिवेशन सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय अधिवेशन में देश-विदेश से ख्यातनाम लेप्रोस्कॉपिक एवं रोबोटिक सर्जनों ने भाग लिया। अधिवेशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव अग्रवाल, सह-अध्यक्ष डॉ. अजय चौहान एवं सचिव डॉ. मोहित कुमार बडगुर्जर ने बताया कि RAMAS 2025 का उद्देश्य शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में दूरबीन विधि (लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी) और रोबोटिक तकनीक से संबंधित अत्याधुनिक शल्य प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करना है। गीतांजली ग्रुप, रामास और उदयपुर सर्जिकल सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित इस सत्रहवें वार्षिक अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों से 400 से अधिक शल्य चिकित्सकों ने

भाग लिया। रामास के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक माथुर, वर्तमान अध्यक्ष डॉ. उमेश दत्त शर्मा और सचिव डॉ. सुनील कट्टा का इस आयोजन में विशेष योगदान रहा। अधिवेशन के वैज्ञानिक सत्रों में डॉ. सुधीर श्रीवास्तव (भारतीय रोबोट SSI मंत्रा के अविष्कारक), डॉ. पवनिंदर लाल (दिल्ली), डॉ बी. रमना (ऑस्ट्रैलिया) डॉ. राजेश भोजवानी (जयपुर), डॉ. मनीष बैजल (दिल्ली), डॉ. संजय सोनार (मुंबई), डॉ. गणेश शिनोय (बैंगलौर), डॉ. विशाल सोनी (अहमदाबाद) जैसे प्रतिष्ठित सर्जनों ने विभिन्न प्रकार की लेप्रोस्कॉपिक एवं रोबोटिक शल्य क्रियाओं का प्रदर्शन किया और उन पर गहन चर्चा की। अधिवेशन में SSI मंत्रा द्वारा लगाई गई रोबोटिक बस विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जहाँ उपस्थित सर्जनों ने रोबोट पर शल्य प्रक्रिया का अभ्यास किया। इस अधिवेशन के माध्यम से सर्जनों को दूरबीन एवं रोबोटिक शल्य प्रक्रिया की नवीनतम तकनीकों का सीधा अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उदयपुर सहित पूरे क्षेत्र के मरीजों को अत्याधुनिक उपचार सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

पाली में मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाई महाराजा अजमीढ़ जी की जयंती

-भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ और प्रतिभा सम्मान समारोह बने आकर्षण का केंद्र

पाली (रॉयल पत्रिका)। पाली में सोमवार को मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा समाज के आदिपुरुष महाराजा अजमीढ़ जी महाराज की जयंती बड़े उत्साह, श्रद्धा और सांस्कृतिक रंग में मनाई गई। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के सैकड़ों सदस्य शामिल हुए।

शोभायात्रा में झांकियों और नृत्य का नजारा बना आकर्षण का केंद्र-

शोभायात्रा की शुरुआत अग्रसेन भवन से हुई, जो पानी दरवाजा, सर्राफा बाजार, उदयपुरिया बाजार, चूड़ीघर बाजार, रूई कटला, धानमंडी, सोमनाथ मंदिर, भेरूघाट होते हुए पुनः अग्रसेन भवन पर संपन्न हुई। यात्रा में राम-सीता की झांकी, महाराजा अजमीढ़ जी की झांकी, तथा स्वर्णकार समाज के पारंपरिक व्यवसाय को दर्शाती झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचे युवा, महिलाओं ने बढ़ाई शोभा-

समिति प्रवक्ता अशोक अग्रोया ने बताया कि शोभायात्रा की शुरुआत में झांसी की रानी की झांकी के साथ केसरिया ध्वज लिए युवाओं का दल आगे-आगे चल रहा था। नासिक ढोल-नगाड़ों की थाप पर नवयुवक मंडल अध्यक्ष रविन्द्र रोड़ा और युवा सदस्य नाचते-गाते यात्रा में शामिल हुए। महिला मंडल अध्यक्ष सोना अडाणिया के नेतृत्व में सभी महिलाओं ने एक जैसी चूंदड़ी साड़ी पहनकर समाज की एकता और परंपरा का संदेश दिया।

समाज के आदिपुरुषों के रथ की अगुवानी में उमड़ा जनसैलाब-

शोभायात्रा के अंत में समिति अध्यक्ष देवीलाल अडाणिया सहित समाज के वरिष्ठ जनों ने महाराजा अजमीढ़ जी, द्विमीढ़ जी एवं पुरूमीढ़ जी के रथ की अगुवानी की। शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। अग्रसेन भवन पहुंचने पर विशेष आरती के साथ शोभायात्रा का समापन किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और प्रतिभा सम्मान से सजा समारोह-

शोभायात्रा के पश्चात अग्रसेन भवन में आयोजित समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष देवीलाल अडाणिया ने की, जबकि पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा और समाज के गणमान्य सदस्य मंचासीन रहे। कार्यक्रम में समाज के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिन पर सभी अतिथि मंत्रमुग्ध हो उठे।

51 मेधावी विद्यार्थियों और भामाशाहों को किया गया सम्मानित-

प्रवक्ता अशोक अग्रोया ने बताया कि समाज के 51 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्वर्णपदक, रजतपदक, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के भामाशाहों को भी उनकी समाजसेवा एवं सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

समाज के संगठित प्रयासों से बढ़ेगी नई पीढ़ी में प्रेरणा-

समारोह का संचालन गुणप्रकाश कड़ेल ने किया। कार्यक्रम में रामनिवास रोड़ा, गणपतलाल अग्रोया, महेश भामा, जगदीश खजवानिया, सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

धर्म के कार्यों से मिलते है नई पीढी में संस्कार भाटी

-बिठूड़ा पीरान गांव में आई माता धाम के जीर्णोद्धार के प्रथम पाषाण लगाया

तखतगढ़ (रॉयल पत्रिका)। पाली विधायक भीमराज भाटी ने कहा कि धर्म के कार्यों से नई पीढ़ी में संस्कार मिलते है। वे रविवार को समीपवर्ती बिठूड़ा पीरान गांव में सिद्धी शक्तिपीठ आई माता ट्रस्ट बढेरआई माता धाम के तत्वावधान में प्रथम पाषाण स्थापना कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होने कहा कि धर्म के साथ साथ शिक्षा को भी महत्व दे। पीरोसा व प्रशासक गोपालसिंह परमार ने कहा कि धर्म की राह पर चलना चाहिए। ये जीवन का मार्ग दिखाता है। ऐसे में बाल्याकाल से लेकर बुजुर्ग के पड़ाव में जीवन से हर कोई सीख लेता है। पीसीसी महासचिव भूराराम सीरवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नई पीढ़ी को हमेशा मार्गदर्शन करना चाहिए। जीवन को ऐसे मार्गदर्शनों से सफलता मिलती है। घड़ाई का प्रथम पाषाण लगाते ही गूंजे जयकारे-बडेर के पीरोसा गोपालसिंह व कोटवाल बोलीदाता मेघाराम, गमनाराम रत्तीलाल गहलोत परिवार बिठूड़ा पीरान के शुभ मुहूर्त में घड़ाई

का प्रथम पाषाण लगाते ही आई माता के जयकारे गूंजे।इस मौके आगुंतकों ने साढ़े चार सौ वर्ष पुराने माता के दर्शन कर परिवार खुशहाली मांगी। विधायक भाटी सहित मध्यप्रदेश सहित देशभर के कोने कोने से पर्सनल, डायमंड, गोल्ड एवं सिलवर शिलालेखों के भामाशाह, प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजबंधु शिरकत कर पीरोसा के आशीर्वाद लिया। सिद्धी शक्तिपीठ आई माता ट्रस्ट बढेर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नेमीचंद, पीसीसी के महासचिव भूरा रामसीरवी,शिशुपालसिंह निम्बाडा,डीसीसी के महासचिव गोवर्धन प्रजापति, राष्ट्रीय सीरवी युवा परिषद, अध्यक्ष सुरेश चौधरी, उपाध्यक्ष तगाराम, सचिव मांगीलाल चाणौद, कोषाध्यक्ष मन्नाराम, सहकोषाध्यक्ष मुलाराम, जनता कालोनी के अध्यक्ष लुम्बाराम, लांबिया के गुला महाराज ट्रस्ट के अध्यक्ष मोहनलाल भायल, लालाराम बडगांवडा, सीरवी परगना सुमेरपुर के अध्यक्ष दोलाराम व सीरवी छात्रावास उदयपुर के सचिव प्रभुराम चांचोडी, एईएन भूराराम,एईएन ताराचंद, ठेकेदार सकाराम, चाणौद चौताला के अध्यक्ष देवाराम, सीरवी समाज के समस्त पंच पटेल, ट्रस्ट के आजीवन सदस्य शिरकत की।

प्रेरित होकर ग्रामीणों एवं स्टाफ के सहयोग से एकत्रित किए 10 लाख 5 हजार

-राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलोपा में 25 लाख 12 हजार 500 से होगा भौतिक विकास

सवाईमाधोपुर (रॉयल पत्रिका)। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम "भविष्य की उड़ान "से प्रेरित होकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलोपा के लिए ग्रामीणों एवं स्टाफ के जन सहयोग से एकत्रित 10 लाख 5 हजार रूपये का चैक प्रधानाचार्य सुशीला राय ने ग्रामीणों एवं विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा को सुपुर्द किया। यह राशि मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के अन्तर्गत विद्यालय के आधारभूत ढांचे के तहत कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए जमा करवाई गई। प्रधानाचार्य सुशीला राय ने बताया कि ग्रामीणों के जन सहयोग से प्राप्त 10 लाख

5 हजार रुपए की राशि राज्य सरकार द्वारा योजना मद के रूप में 60 प्रतिशत अंशदान के तहत 15 लाख 7 हजार 500 रुपए अतिरिक्त प्राप्त होंगे। इस प्रकार कुल 25 लाख 12 हजार 500 रुपए की राशि विद्यालय में कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य में उपयोग ली जावेगी। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने और बच्चों को बेहतर शिक्षा वातावरण प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है। अतिरिक्त जिला कलक्टर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बिलोपा के ग्रामीणों की पहल की सराहना की। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को विद्यालय से जुड़ी अन्य समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को शीघ्र समाधान करने हेतु आश्वस्त किया।

जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत गोयला में लगाई रात्रि चौपाल

-ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में शनिवार को पंचायत समिति सरवाड़ की ग्राम पंचायत गोयला में रात्रि चौपाल आयोजित हुई। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ रखी। इस दौरान कुल 28 प्रकरण प्राप्त हुए। जिला कलक्टर ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की भावना के अनुरूप आमजन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्राप्त प्रत्येक परिवेदनाओं का गंभीरता से समाधान कर पीड़ितों को शीघ्र राहत पहुंचाई जाए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, नियमित जलापूर्ति,

विद्दत वोल्टेज व कटौती की समस्या, सड़क निर्माण, नामांतरण और अवैध अतिक्रमण हटाने जैसी शिकायतें प्रस्तुत कीं। जिला कलक्टर ने मौके पर ही संबंधित विभागीय अधिकारियों को बुलाकर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मूल सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता से किया जाए तथा अतिक्रमण के मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई सुनिश्चित हो। रात्रि चौपाल में उपखंड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्दत, सार्वजनिक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नगरीय निकाय मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने किया अजमेर में हथकरघा केन्द्र का अवलोकन

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। नगरीय निकाय एवं स्वायत शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा द्वारा शनिवार को महाकवि पंडित भूरामल सामाजिक सहकार न्यास द्वारा संचालित पूरी मैत्री हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रशिक्षण केन्द्र अवलोकन किया गया। इस अवसर पर नगरीय निकाय एवं स्वायत शासन विभाग के राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि राष्ट्र के स्वर्णकाल के दौरान भारत के घर-घर में कुटीर उद्योग थे। इनके कारण भारत सम्पन्न था। गांवों में रेजी लट्ठे का कपड़ा बनता था। आजादी के बाद कुटीर उद्योग संकट में आए और धीरे-धीरे समाप्त होने लगे। उन्होंने कहा कि बड़े कारखाने लगने से गांवों में रोजगार के अवसर कम हुए। इस हथकरघा केन्द्र के माध्यम से हस्तशिल्पी तैयार हो रहे है।

यह एक सराहनीय कार्य है। यहां देशभर की हस्तशिल्प विधाएं समाहित हो रही है। छोटे उद्योगों की तरफ नई पीढ़ी के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। साथ ही आर्थिक रूप से उन्नति भी होगी। नगर निगम के उप महापौर नीरज जैन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के लिए स्वदेशी का मंत्र आचार्य विद्यासागर जी महाराज के द्वारा दिया गया था। इसी मंत्र को वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकल फोर वोकल के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं। महाराज ने इंडिया के स्थान पर भारत का प्रयोग करने का आह्वान किया था। पूर्व जिला प्रमुख पुखराज पहाड़िया ने कहा कि महाराज के आर्शीवाद से ही आज पूरे भारत की हस्तकलाएं यहां स्टार्टअप को प्रदान की जा रही है।

भूपेंद्र यादव तथा संजय शर्मा ने पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

-मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से जिले के हर कोने में उच्च स्तरीय चिकित्सकीय सुविधाएं हो उपलब्ध

अलवर (रॉयल पत्रिका)। केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अलवर जिला स्थित मंगल विहार में इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर एवं आरईसी फाउन्डेशन गुरुग्राम द्वारा संचालित सर्वसुविधायुक्त पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट्स के शुभारंभ कार्यक्रम में शिरकत कर मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं आरइसी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि सर्वसुविधायुक्त पांच मोबाइल मेडिकल वैन के माध्यम से आमजन को जिले भर में स्थानीय स्तर पर ही उच्च चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि हमने गांव-गांव तक आधुनिक शिक्षा को पहुंचाने के लिए दो ज्ञान वाहन संचालित किए हैं एवं 6 और ज्ञान वाहन

प्रारंभ किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अलवर में स्वच्छता, पर्यटन, शिक्षा व चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से जिले के विकास को बढ़ावा मिलेगा। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी एवं आरइसी फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि इस नवाचार के माध्यम से जिले में उच्च स्तर की चिकित्सा सुविधाओं का ग्रामीण स्तर तक विस्तार संभव होगा। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी सामाजिक क्षेत्र में अनवरत रूप से अच्छा कार्य कर रही है। इस अवसर पर अलवर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कहा कि सर्वसुविधायुक्त पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को टेलीमेडिसिन के माध्यम से ई-संजीवनी पोर्टल से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर अलवर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के राज्य के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिडला, जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं महासिंह चौधरी सहित प्रबुद्ध नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

वन्यजीव सप्ताह के अन्तर्गत वन भ्रमण एवं बर्ड वॉचिंग गतिविधि की आयोजित

धोलपुर (रॉयल पत्रिका)। वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत चौथे दिन जिले में विद्यार्थियों एवं वन कर्मियों के लिए संरक्षण-आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य जनभागीदारी बढ़ाकर वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना तथा मानव-वन्यजीव सहअस्तित्व की भावना को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में केसरबाग वन्यजीव अभयारण्य में शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं को वन भ्रमण एवं बर्ड वॉचिंग गतिविधि कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी दीपक मीणा ने बच्चों को केसरबाग अभयारण्य में पाई जाने वाली पक्षियों एवं अन्य वन्यजीवों के बारे में जानकारी दी। सभी विद्यार्थियों

ने अत्यंत उत्साह एवं रुचि के साथ जानकारी प्राप्त की और प्राकृतिक विविधता के संरक्षण के महत्व को समझा। राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग के फील्ड स्टाफ की क्षमता वर्धन हेतु वर्ल्ड वाइड फण्ड फॉर नेचर के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में चंबल नदी क्षेत्र के जलीय वन्यजीवों जैसे डॉल्फिन, घड़ियाल एवं कछुओं के संरक्षण एवं प्रबंधन के विषय में विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण एवं जानकारी दी गई। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों, वन स्टाफ एवं स्थानीय समुदाय में वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण भावना एवं सहअस्तित्व की अवधारणा को प्रोत्साहित किया गया।

जीएसटी रिफॉर्म पर उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री विश्नोई ने व्यापारियों के साथ की बैठक

-जीएसटी सुधारों के फायदों को जन-जन तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य- विश्नोई

बालोतरा (रॉयल पत्रिका)। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने कहा कि अभियान का लक्ष्य जीएसटी सुधारों के फायदों को जन-जन तक पहुंचाना और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देना है। विश्नोई ने सभी व्यापारिक संगठनों से इस अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने का आह्वान किया, ताकि त्योहारी सीजन में व्यापारियों और ग्राहकों को इसका पूरा लाभ मिले। यह बात उन्होंने बालोतरा जिला प्रशासन एवं वाणिज्य कर विभाग द्वारा आयोजित जीएसटी बचत उत्सव कार्यक्रम में व्यापारिक संगठनों से बैठक के दौरान कही। उन्होने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी आर्थिक प्रबंधन का परिणाम है। यह सुधार व्यापार को आसान बनाने, टैक्स का बोझ कम करने और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए है। स्वदेशी उत्पाद अपनाने से स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। जीएसटी रिफॉर्म से सामान सस्ता हुआ है, त्योहारी खरीदारी में ग्राहकों की क्रय शक्ति बढ़ने से हर छोटे और बड़े दुकानदार को भी लाभ मिलेगा। उन्होने व्यापारिक संगठनों से आहवान किया कि किसानों और आम जनता को जीएसटी सुधारों का पूर्ण लाभ दिलाये। वस्तुएं सस्ती होने से निवेश बढ़ेगा और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही स्वदेशी उत्पाद को प्रोत्साहन देकर विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को मजबूती दे। पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के आम नागरिक व व्यापारी वर्ग का ध्यान रखते हुए दैनिक जीवन में काम आने वाली वस्तुओं में जीएसटी कम कर दिया है और कई पर तो हटा दिया है। जिसका फायदा भी ग्राहको को मिल रहा है। वाणिज्य कर अधिकारी ने जीएसटी रिफॉर्म की जानकारी साझा करते हुए कहा कि व्यापारियों के द्वारा ग्राहकों को लाभ पहुंचाने से उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नहीं होगा। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित जिले के सभी प्रमुख व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

पुष्कर मेला 2025 जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ली समीक्षा बैठक

अजमेर (रॉयल पत्रिका)। पुष्कर मेला 2025 की तैयारियों के संबंध में सलाहकार समिति की बैठक शनिवार को जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने ली। इसमें पूर्व में दिए गए निर्देशों के कार्यों में प्रगति की समीक्षा की गई। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मेले की व्यवस्थाएं सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पुष्कर के विकास के लिए पर्याप्त बजट दिया है। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी पुष्कर के स्वरूप में स्थाई निखार लाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस बार सलाहकार समिति में स्थानीय निवासियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बदलाव करने के लिए प्रस्ताव दिए गए थे। इनके अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए पास की व्यवस्था नहीं रखी जाएगी। पहले आकर बैठने वाले व्यक्ति अपनी पसंद की जगह पर बैठ सकेंगे। उन्होंने कहा कि दीपावली त्यौहार से पूर्व सभी स्थानों पर सफाई एवं रोशनी के कार्य पूर्ण होने चाहिए। परिक्रमा मार्ग की सड़कों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मेला क्षेत्र में पशुपालकों के लिए पानी की खेलियां, सड़क आदि का मरम्मत कार्य भी तत्काल आरम्भ कराएं। पुष्कर की समस्त सीवरेज

की पूरी सफाई होनी चाहिए। आवश्यकता होने पर अतिरिक्त संसाधन नगर निगम, अजमेर से लिए जा सकते है। उन्होंने कहा कि समस्त पशु प्रतियोगिताएं नये मेला मैदान में आयोजित करने को ध्यान में रखते हुए समस्त तैयारियों की जाए। विकास प्रदर्शनी के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी सभी को मिलनी चाहिए। मेला अवधि के दौरान पेयजल की अतिरिक्त सप्लाई सुनिश्चित की जाए। रोड़वेज के द्वारा 30 अक्टूबर से ही आवश्कतानुसार अतिरिक्त बसें लगाई जानी चाहिए। ये बसें 7 नवम्बर तक संचालित होनी चाहिए। मेला अवधि के दौरान समस्त बसें पुष्कर में से होकर गुजरना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दीपावली के तुरन्त पश्चात विभिन्न स्थानों पर अस्थाई डिस्पेन्सरी संचालित की जाए। अब की बार इनकी संख्या भी बढ़नी चाहिए। क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम के लिए विभागीय निर्देशानुसार गतिविधियों का आयोजन हो। मेला क्षेत्र में बिकने वाले खाद्य पदार्थो की नियमित जांच के साथ-साथ इनके सैम्पल भी लेने आवश्यक है। जिला रसद अधिकारी कार्यालय द्वारा गैस काउन्टर एवं फूड पैकेट काउन्टर की स्थापना होनी चाहिए। अन्नपूर्णा रसोई का काउन्टर नये मेला मैदान में भी संचालित होने से पशु पालकों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि विद्दत विभाग द्वारा ढीले तारों एवं खुली डीपी को सही किया जाएगा। विभिन्न स्थानों पर से अनावश्यक खम्भे हटाने की कार्यवाही भी होनी चाहिए। दुकानदारों को अस्थाई विद्दत कनेक्शन नगर परिषद द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के आधार पर ही जारी किए जाएंगे। नगर परिषद द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र मार्गाधिकार को सुरक्षित रखते हुए जारी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में महिला कल्याण दिवस का आयोजन

श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे समाज कल्याण सप्ताह के अन्तर्गत रविवार को मिर्जेवाला रोड़ स्थित मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में महिला कल्याण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विरेन्द्रपाल सिंह ने 1 से 7 अक्टूबर 2025 तक समाज कल्याण सप्ताह में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि समाज कल्याण सप्ताह का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है। उन्होंने समाज के विभिन्न कमजोर वर्गों के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाने में विभाग का सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि महिला कल्याण, कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति/जन जाति, बाल कल्याण और विकलांग कल्याण आदि की योजनाओं का व्यापक

प्रचार-प्रसार हो, जिससे अधिक से अधिक व्यक्ति लाभान्वित हो सके और जिन लोगों के लिए योजना बनाई गई है, उनको फायदा मिले। उन्होने कहा कि समाज कल्याण के कार्य से बढ़कर कोई पूज्य कार्य नहीं है। अतः इस कार्य में सभी अपना अधिक से अधिक सहयोग दें। महिलाओं का उत्थान तभी सम्भव है, जब महिलाएं इसकी शुरूआत स्वयं के परिवार से करेंगी। इस अवसर पर महिलाओं की समस्याओं पर विचार गोष्ठी भी हुई। महेश पेड़ीवाल ने कार्यक्रम में कहा कि सक्षम लोगों को गरीब व जरूरतमन्दों के कल्याण हेतु समर्पित भावना से कार्य करना चाहिए। उन्होने कहा कि ऐसी विचार गोष्ठियां समय-समय पर होती रहनी चाहिए ताकि हम अपनी कमियों को पहचान सकें। विभाग द्वारा कमजोर वर्ग के लिए चलाई जा रही योजनाओं को सराहते हुए उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी की नीति व सिद्वान्तों के अनुरूप हमें समाज कल्याण के लिए संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर धनश्याम शर्मा सहित अन्य अतिथियों द्वारा मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह में निवास कर रहे आवासियों से मुलाकात कर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। उनके रहने एवं दिनचर्या के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। इस पर सन्तुष्टि जताते हुए अतिथियों ने सहयोग का आश्वासन दिया।

नवनेरा लिंक परियोजना: अवाप्त भूमि पर कृषि कार्य न करें किसान

बून्दी (रॉयल पत्रिका)। नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना के लिए अवाप्त की गई भूमि पर किसी भी प्रकार की कृषि गतिविधि नहीं करने के लिए प्रभावित किसानों को चेतावनी दी गई है। राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने स्पष्ट किया है कि मुआवजा प्रक्रियाधीन होने के बाद यह भूमि राजकीय उपयोग के लिए है और इस पर जुताई या बुवाई करने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पीआईयू कोटा के महाप्रबंधक प्रदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि परियोजना के तहत नवनेरा बैराज के डिलीवरी सिस्टर्न से मेज एनीकट तक फीडर का निर्माण किया जाना है। इस निर्माण के लिए लाखेरी उपखण्ड के अन्तर्गत आने वाले गांव गुहाटा, कोटाखुर्द, लबान, दहीखेड़ा, डपटा, रामगंज एवं खरायता में भूमि अवाप्त की गई है।

वन राज्य मंत्री संजय शर्मा ने किया 'स्वयंसिद्धा-दीवाली प्रदर्शनी 2025' का अवलोकन

-आमजन से प्रदर्शनी में खरीददारी कर स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने का किया आह्वान

अलवर (रॉयल पत्रिका) । वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को लघु उद्योग भारती महिला इकाई अलवर द्वारा रिवाज रिजॉर्ट में आयोजित 'स्वयंसिद्धा-दीवाली प्रदर्शनी 2025' का अवलोकन किया। वन राज्यमंत्री शर्मा ने महिला उद्यमियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि 'स्वयंसिद्धा' जैसी पहल आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और पहचान भी दे रही है। केंद्र व राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा की योजनाओं व नवाचारों के माध्यम से निरन्तर कार्य कर रही है। साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हस्तनिर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु मंच प्रदान कर रही है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि लोकल फॉर वोकल के सपने को साकार करने हेतु महिलाओं द्वारा लगाई गई इस प्रदर्शनी में अधिक से अधिक संख्या में खरीददारी कर स्थानीय कारीगरों व उनकी कला को प्रोत्साहित करें। कार्यक्रम की संयोजक कविता कछावा और रुचि सोढ़ी ने बताया कि प्रदर्शनी में गृह सज्जा, फैशन, आभूषण, हस्तशिल्प, त्योहारी सजावट और पारंपरिक परिधानों के विक्रय हेतु स्टॉल लगाई गई है जिसमें आमजन को यहाँ उत्पाद गुणवत्ता के साथ-साथ न केवल सुंदर बल्कि किफायती दरों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि लघु उद्योग भारती महिला इकाई का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उनके हुनर को बाजार से जोड़ना है।

वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत बाघ मेला का हुआ आयोजन

धोलपुर (रॉयल पत्रिका)। वन्यजीव सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन धौलपुर जिले में विविध जनजागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय में वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा मानव–वन्यजीव सहअस्तित्व की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रमों की श्रृंखला में वन विभाग ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल, धौलपुर में टाइगर वॉच संस्थान के सहयोग से "बाघ मेला" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के छात्र–छात्राओं को वन्यजीवों की फोटोग्राफ प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही निबंध लेखन, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में धोलपुर करौली टाइगर रिज़र्व के कोर क्षेत्र में स्थित रा.उ.मा.वि. सेवर पाली में AFD की सहायता से संचालित RFBDP योजना के अंतर्गत निबंध लेखन, चित्रकला एवं चित्र पहचान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम सोने का गुर्जा में EDC की बैठक कर स्थानीय समुदाय को वन्यजीव एवं प्रकृति संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा संरक्षण से जुड़ी भ्रांतियों का निवारण किया गया। इसके अतिरिक्त ग्राम झिरी, सेवर पाली एवं सोने का गुर्जा में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन एवं मानव–प्रकृति सहअस्तित्व का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। इन सभी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों, युवाओं एवं ग्रामीण समुदाय में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में सहभागिता बढ़ाने तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ करने का सफल प्रयास किया गया। उल्लेखनीय है कि 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

सरकार की मंशानुरूप आमजन को त्वरित राहत प्रदान करें- लोकबंधु

अजमेर (रॉयल पत्रिका) । जिला कलक्टर लोकबंधु ने शनिवार को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित हो रहे ग्रामीण एवं शहरी शिविरों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत समिति सावर की ग्राम पंचायत पारा, सरवाड़ कि ग्राम पंचायत गोयला एवं केकड़ी में शहरी शिविर का निरीक्षण किया। कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवा की भावना से कार्य करते हुए आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने शिविरों में प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण कर प्रगति एवं दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेते हुए कहा कि ये शिविर आमजन की उम्मीदों को पूरा करने का माध्यम हैं, ऐसे में विभागीय कार्मिक आमजन को सभी जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करें। शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिविरों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे शिविरों में पहुंचें, अपनी समस्याओं का समाधान करवाएँ तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हों। उन्होंने शिविरों में संधारित रजिस्टरों एवं दस्तावेजों की जांच की तथा लाभार्थियों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को लंबित नामांतरण, रास्ते से संबंधित प्रकरण, सहमति विभाजन, गिरदावरी एवं अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए।



58 की उम्र में पिता बने अरबाज

मुंबई। अरबाज खान और उनकी पत्नी शूरा ने रविवार को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शूरा ने रविवार सुबह बेटी को जन्म दिया है। हालांकि, कपल की ओर से अब तक इस बात की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और न ही उन्होंने कोई तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। शूरा को कल मुंबई के पीडी हिंदुजा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अरबाज की बेटी के जरिए खान परिवार ने लंबे वक्त बाद बेबी गर्ल का स्वागत किया है। इससे पहले अरबाज को पहली पत्नी मलाइका से एक बेटा अरहान हुआ था। उनके एक भाई सोहेल के भी दो बेटे निर्वाण और योहान हैं। जबकि दूसरे भाई सलमान ने तो अब तक शादी ही नहीं की है। हालांकि, तीनों भाइयों की दो बहनें अलवीरा और अर्पिता जरूर हैं। अरबाज खान दूसरी बार पिता बने हैं।

लाइफ Style

सामंथा

सब कुछ नहीं हैं अच्छे नंबर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने छात्रों को तनाव से निपटने के लिए कुछ आसान सलाह दी। उन्होंने वीडियो शेयर कर बताया कि कैसे उन्होंने स्कूल के दिनों में सहानुभूति, दया और अच्छा इंसान बनना सीखा। साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आज सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर किया है।

इस वीडियो में उन्होंने अपनी स्टूडेंट लाइफ को लेकर आज के छात्रों को खास सलाह दी और बताया कि उन्होंने आखिर एक छात्र के रूप में क्या कुछ सीखा और यह सबकुछ उनके लिए क्या मायने रखता है। रविवार को सामंथा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने प्रशंसकों के साथ एक खास वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में सामंथा ने कहा, 'मेरे स्कूल के दिनों की बहुत सारी यादें हैं, लेकिन आजकल के छात्रों का तनाव सुनकर दुख होता है।

मुझे लगता है कि अच्छे नंबर सब कुछ नहीं हैं। स्कूल में सबसे अच्छी चीज दोस्ती, दूसरों का सम्मान और दया सीखा था।' सामंथा ने आगे कहा, 'मैंने स्कूल में किताबी बातें भूल गईं, लेकिन ये गुण आज भी मेरे काम आते हैं। ये जीवन के लिए सबसे जरूरी हैं।' फिर सामंथा ने 2023 की एनसीआरबी रिपोर्ट शेयर की, जिसमें बताया गया कि महाराष्ट्र में छात्रों की आत्महत्याओं के सबसे ज्यादा मामले हुए। उन्होंने इस पर दिल टूटने वाली इमोजी लगाई। सामंथा रुथ प्रभु नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांड' और तेलुगु फिल्म 'मां इंति बंगाराम' में नजर आएंगी। वह वेब सीरीज 'सिटाडेलः हनी बनी' के सीजन 2 में भी नजर आएंगी।

हॉलीवुड मसाला

टेलर का रिकॉर्ड दूसरे स्थान पर

लॉस एंजिल्स। दुनिया की सबसे लोकप्रिय पॉप स्टार में से एक टेलर स्विफ्ट एक बार फिर अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शो गर्ल' के साथ म्यूजिक इंडस्ट्री में बवाल काट चुकी हैं। एल्बम रिलीज के पहले ही दिन इसने 27 लाख कॉपियों की रिकॉर्ड बिक्री की है। ये आंकड़ा सिर्फ अमेरिका के अंदर का है और इससे टेलर का अब तक का सबसे बड़ा डेब्यू बन गया है। बिलबोर्ड को डेटा देने वाले ल्यूमिनेट के मुताबिक इस एल्बम ने अब तक का दूसरा सबसे बड़ा फर्स्ट-वीक सेल्स रिकॉर्ड बना दिया है।

नीरू ने की नई फिल्म की घोषणा...

मुंबई। बॉलीवुड फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में अपनी अदाकारी से सभी को अपना दीवाना बनाने वाली एक्ट्रेस नीरू बाजवा ने अपनी नई पंजाबी फिल्म 'जवाक' की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल पर की है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठाया है। नीरू बाजवा ने 5 अक्टूबर को अपनी आगामी फिल्म 'जवाक' की घोषणा इंस्टाग्राम पोस्ट पर की है। इस पोस्ट में नीरू ने एक कलरफुल पेज शेयर किया, जिसके ऊपर लिखा है 'जवाक'। इस पोस्ट के साथ नीरू ने कैप्शन में लिखा, 'और अधिक पढ़ें...अपने आंद्रे जवाक नू हमेशा जिओंदा राखो, जे वड्डे बन ना ता'। सिनेमाघरों में 17 अप्रैल 2026।' जवाक का निर्देशन जतिंद्र महुअर कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण संतोष सुभाष कर रहे हैं।

31 को रिलीज होगी रोई-रोई बिनाले

मुंबई। हाल ही में असमिया गायक जुबीन गर्ग का निधन हो गया है। उनके निधन की जांच चल रही है। इस मामले में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में असमिया फिल्म निर्माता राजेश भुयान ने बताया है कि अपकमिंग फिल्म 'रोई रोई बिनाले', जो दिवंगत जुबीन गर्ग की निजी परियोजना थी, 31 अक्टूबर को देशभर में रिलीज होगी। भुयान ने यह भी बताया कि अपकमिंग फिल्म में गर्ग की 'मूल आवाज' की रिकॉर्डिंग होगी। उन्होंने कहा 'हम पिछले तीन वर्षों से इस फिल्म पर काम कर रहे थे। फिल्म की कहानी और संगीत जुबीन गर्ग ने लिखा था। यह पहली संगीतमय असमिया फिल्म है। हमने फिल्म का लगभग सारा काम पूरा कर लिया था। सिर्फ इसके बैकग्राउंड म्यूजिक का काम बचा था।'



ओटीटी पर दस्तक देगी फाइनल डेस्टिनेशन-6

नई दिल्ली। हॉलीवुड की कल्ट हॉरर फ्रेंचाइजी फाइनल डेस्टिनेशन की छठी किस्त फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइंस अपनी धमाकेदार थिएटर रिलीज के बाद ओटीटी पर धमाका करने के लिए तैयार है। फाइनल डेस्टिनेशनः ब्लडलाइन्स 16 अक्टूबर से अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में केवल जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीमिंग होगी। कलाकारों में रिचर्ड हार्मन, कैटलिन सांता जुआना, टियो ब्रियोन्स, ओवेन पैट्रिक जॉयनर, रिया किहलस्टेड, अन्ना लोर और बेक बैसिंगर शामिल हैं। फैंस को पुरानी यादों में खो देने के लिए, दिवंगत अभिनेता टोनी टॉड दिखाई देंगे जो उनकी आखिरी फिल्म थी। उन्होंने पिछली फिल्मों में विलियम ब्लडवर्थ को अपनी आवाज दी थी। इस बीच, रिपोर्ट्स की मानें तो सातवीं किस्त पहले से ही प्रोसेस में है और को-राइटर लोरी इवांस टेलर इस प्रोजेक्ट से जुड़ी हैं।

टीवी मसाला

अनीता बनी शो छोरियां चली गांव पहले सीजन की विनर

नई दिल्ली। रियलिटी शो 'छोरियां चली गांव' का कॉन्सेप्ट दर्शकों को काफी पसंद आया। इस शो में टीवी की जानी मानी हसीनाएं नजर आईं, जिन्हें गांव में रहना था। वहीं, अब 'छोरियां चली गांव' के पहले सीजन को इसका विनर मिल गया है। बीते दिनों 'छोरियां चली गांव' का ग्रैंड फिनाले था। इस सीजन के विनर का ताज टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी के सिर चढ़ा है। ग्रैंड फिनाले में अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच ट्रॉफी को लेकर कड़ी टक्कर थी। ऐसे में अनीता के विनर बनते ही गांव वालों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी ने शुरुआत से ही अपने गेम से न सिर्फ गांव वालों का बल्कि दर्शकों का भी दिल जीता। अनीता ने शो में खुद को प्रूव करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने गाय का दूध निकालने से लेकर गोबर उठाने और कुंए से पानी लाने तक सभी काम किए। इन्हीं सब चीजों के साथ अनीता ने हर किसी का दिल जीता। शो में आखिर तक अनीता और कृष्णा श्रॉफ के बीच कांटे की टक्कर थी, लेकिन ट्रॉफी अनीता ले गईं। वहीं, कृष्णा श्रॉफ फर्स्ट रनरअप रहीं। शो को रणविजय सिंह ने होस्ट किया था। बता दें कि ग्रैंड फिनाले काफी धमाकेदार रहा। फिनाले में टॉप 5 कंटेस्टेंट्स ने पावर पैक्ड परफॉरमेंस दी। इस दौरान डॉली जावेद की बहन उर्फी जावेद और कृष्णा श्रॉफ के बॉयफ्रेंड अजीम भी शो में नजर आएं।

अरबाज और बाली एक-दूसरे से भिड़े!

नई दिल्ली। इन दिनों एमएक्स प्लेयर पर प्रसारित हो रहा शो 'राइज एंड फॉल' लोगों को खूब पसंद आ रहा है। शो में हर दिन कुछ न कुछ नया देखने को मिल रहा है। हाल ही में शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है। इसमें

अरबाज पटेल और बाली एक दूसरे से जबरदस्त बहस करते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि अरबाज बाली से कहते हैं 'चुपचाप सुन लो'। इस पर बाली कहते हैं 'सुन ही रहा हूं।' अरबाज कहते हैं 'अगर मैं अपनी हरकतों में आ जाउंगा न तो'। इस पर बाली कहते हैं 'तूने नीचे आ के माफी क्यों मांगी। अकेला बैठता था वहां पे।' इस पर अरबाज कहते हैं 'अकेला नहीं बैठा चौड़ में घूमता था वहां पर। अभी भी यहां पर बैठा हूं। अब देखो खड़ा भी हो गया।' इस पर बाली कहते हैं 'तेरी बॉडी फुस है।' इस पर अरबाज कहते हैं 'मैं किसी से डरता नहीं हूं।' बाली कहते हैं 'तू खुद से डरता है। तू रोता रहता है। तू तालियां किस पर मार रहा है?' इस पर अरबाज कहते हैं 'तेरे पे मार रहा हूं।'

महेंद्र कपूर का ये गीत सुन झट से मान जाएगी रूठी हुई प्रेमिका

नई दिल्ली। मोहम्मद रफी और किशोर कुमार की तरह महेंद्र कपूर भी हिंदी सिनेमा के दिग्गज गायकों की फेहरिस्त में शामिल रहे। उन्होंने अपने कैरियर में एक से बढ़कर गीतों के जरिए सिनेप्रेमियों के दिलों को सुकून पहुंचाया। आज हम आपको महेंद्र कपूर द्वारा गाए गए 58 साल पुराने एक ऐसे गाने के बारे में बताने जा रहे हैं, जो रोमांटिक सॉन्ग की तर्ज पर हर किसी का फेवरेट माना जाता है। गाने के बोल ऐसे हैं, अगर आपकी रूठी हुई प्रेमिका सुन ले तो झट से मान जाए। इस गीत को अभिनेता सुनील दत्त पर फिल्माया गया था।

सुपरहिट सॉन्ग : सिंगर महेंद्र कपूर की मधुर आवाज किसी भी गीत को अमर कराने के लिए काफी थी। आज भी उनके गानों को फैंस सुनना पसंद करते हैं। सुरों के सुरताज महेंद्र के जिस गाने के बारे में यहां जिक्र किया जा रहा है, वह 1967 में आई फिल्म हमराज से था। इस मूवी में सुनील दत्त, विमी, मुमताज और राज कुमार जैसे कलाकारों ने अहम भूमिकाओं को अदा किया था।

वादियों में हुआ था शूट : हमराज का एक रोमांटिक सॉन्ग तुम अगर साथ देने का वादा करो... आज भी हर किसी का फेवरेट माना जाता है। सुनील दत्त और अभिनेत्री विमी पर फिल्माया गया ये पॉपुलर गीत महेंद्र कपूर ने ही गाया था। उनके द्वारा गाए गए बेहतरीन सॉन्ग की लिस्ट में इस गाने का नाम जरूर शामिल होता है। वादियों में शूट हुआ ये गीत और उस पर महेंद्र की जादुई आवाज का कॉम्बिनेशन बेहद खास रहा। यही कारण है जो लगभग 6 दशक बाद भी तुम अगर साथ देने का वादा करो गाने को सुनकर दिल को सुकून पहुंच जाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो अगर आप भी पुराने गाने सुनने के शौकीन हैं तो ये महेंद्र कपूर का ये सॉन्ग आपको जरूर सुनना चाहिए।

इन कलाकारों को महेंद्र ने दी आवाज : सिर्फ सुनील दत्त ही नहीं बल्कि बतौर प्लेबैक सिंगर महेंद्र कपूर दिलीप कुमार और मनोज कुमार जैसे कई कलाकारों की आवाज बने थे। खासतौर पर मनोज की कई फिल्मों में बतौर सिंगर महेंद्र ने कई बेहतरीन गाने गाए थे। उदाहरण के लिए आप मनोज कुमार की फिल्म पूरब और पश्चिम फिल्म के भारत का रहने वाला हूं... देशभक्ति गीत का नाम ले सकते हैं।

सारा ने पहली बार किया भाई इब्राहिम के साथ रैंप वॉक...

मुंबई। बॉलीवुड स्टार भाई-बहन सारा अली खान और इब्राहिम अली खान की आपस में खूब बनती है। दोनों एक दूसरे के साथ अच्छा पल बिताते हैं और अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। हाल ही में दोनों ने डिजाइनर अभिनव मिश्रा के लिए रैंप वॉक किया। डिजाइनर ने बेहतरीन ड्रेस लॉन्च की। सारा और इब्राहिम ने अपनी चंचलता के साथ दोस्ती का तड़का लगाया और रैंप वॉक के मौके पर लोगों का ध्यान खींचा। शो के लिए इब्राहिम अली खान ने कतान सिल्क से बनी एक शाही शेरवानी चुनी, जिस पर शीशे का काम, रेशम और जरी की बारीक कढ़ाई थी। 'सरजमीं' स्टार की इस पोशाक में एक राजसी आभा झलक रही थी। दूसरी ओर, सारा अली खान ने शाही ड्रेस चुनी। इस पर खास शीशे का काम, जरी और रेशम से हाथ से कढ़ाई की गई थी। झिलमिलाते क्रिस्टल से इस ड्रेस को और भी निखारा गया था। इब्राहिम और सारा पहली बार साथ-साथ चले, जिससे उनकी स्वाभाविक केमिस्ट्री की झलक मिली और उन्होंने शो के लिए एकदम सही माहौल तैयार किया।



खूनी लव स्टोरी के साथ कॉमेडी का होगा तड़का

दिवाली पर थामा से होगी एक दीवाने की टक्कर

मुंबई। दिवाली में अब ज्यादा वक्त बाकी नहीं रह गया है। हर साल की तरह इस बार भी दिवाली पर बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्मी धमाके होंगे। क्योंकि एक से बढ़कर एक फिल्में दिवाली के आगे-पीछे रिलीज होनी हैं। इनमें सबसे बड़ा नाम आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना स्टारर थामा का है। यह मैडॉक के सुपरहिट हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की अगली फिल्म है। दिवाली पर सबसे बड़ी रिलीज थामा ही है। थामा 21 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मैडॉक के लोकप्रिय हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की ये पांचवीं फिल्म है। अब तक पसंद की गई इस यूनिवर्स की फिल्मों में अब थामा एक नया अध्याय जोड़ने वाली है। थामा में वैम्पायर्स की लव स्टोरी दिखाई जाएगी। इसीलिए मेकर्स इसे एक खूनी प्रेम कहानी बता रहे हैं। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद दर्शक इस फिल्म को लेकर और भी उत्साहित हैं और बेसब्री से इसका इंतजार कर रहे हैं। थामा में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। नवाजुद्दीन सिद्दीकी फिल्म में विलेन की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है, जो इससे पहले इस यूनिवर्स की फिल्म मुंज्या का निर्देशन कर चुके हैं।



एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम की होगी रिलीज

एक ओर जहां ये दो बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी, वहीं दूसरी ओर 3डी एनिमेटेड फिल्म महायोद्धा राम भी सिनेमाघरों में दस्तक देगी। यह फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। भगवान राम से जुड़ी फिल्म को दिवाली के मौके पर रिलीज करने से बेहतर मौका और क्या हो सकता है। महावतार नरसिम्हा की सफलता के बाद अब इस फिल्म को लेकर लोगों में उत्साह भी देखने को मिल रहा है। इस फिल्म में कुणाल कपूर ने प्रभु श्रीराम के किरदार को आवाज दी है। जबकि जिम्मी शेरगिल लक्ष्मण, मौनी रॉय माता सीता, मुकेश ऋषि हनुमानजी और गुलशन ग्रोवर ने रावण की आवाज दी है।

जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हर्षवर्धन राणे

एक ओर जहां थामा एक खूनी लव स्टोरी लेकर आएगी, जिसमें कॉमेडी का तड़का होगा। वहीं, दूसरी ओर सनम तेरी कसमसे सच्चे आशिकों में शुमार हर्षवर्धन राणे एक जुनूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहे हैं। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा स्टारर 'एक दीवाने की दीवानियत' भी थामा के साथ ही 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस साल सैयारा एक सरप्राइज ब्लॉकबस्टर प्रेम कहानी रही है। ऐसे में अब 'एक दीवाने की दीवानियत'को हल्के में लेना बेईमानी होगी। हर्षवर्धन राणे युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय भी हैं। फिल्म के गानों और टीजर से ये साफ है कि इस बार की कहानी 'सनम तेरी कसम' से ज्यादा इंटेंस होने वाली है। क्योंकि ये एक जुनूनी लव स्टोरी है। टाइटल ट्रैक से लेकर फिल्म के बाकी गानों को भी पसंद किया जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि थामा का ट्रेलर सामने आ चुका है, लेकिन, अब तक 'एक दीवाने की दीवानियत'का ट्रेलर रिलीज नहीं किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी ने किया है। अब देखना ये है कि थामा और एक दीवाने की दीवानियत में कौन बाजी मारता है।

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप : भारत घरेलू मैदान पर ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी।

उन्नति हुड्डा और रक्षिता श्री जैसी अनुभवी खिलाड़ियों की मौजूदगी और एक मौजूदा और पूर्व जूनियर विश्व नंबर 1 खिलाड़ी सहित एक मजबूत लाइन-अप के साथ मेजबान भारत सोमवार से यहां नेशनल सेंटर में शुरू हो रही बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए तैयार है।

बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप 17 साल के अंतराल के बाद भारत लौटी है और 6 से 19 अक्टूबर तक दो चरणों में खेली जाएगी। पहले चरण में 36 टीमें मिश्रित टीम चैंपियनशिप में प्रतिष्ठित सुहांदिनाता कप के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। उसके बाद आई-लेवल कप के लिए व्यक्तिगत चैंपियनशिप होंगी। भारत ने चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक कुल 11 व्यक्तिगत पदक जीते हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2008 में पुणे में स्वर्ण और कांस्य पदक जीतने के रूप में रहा है। मौजूदा भारतीय दल में इस संख्या को पार करने और मिश्रित टीम पदक जीतने की क्षमता है, जिसका श्रेय टीम की मजबूती को जाता है और इसने मेजबान टीम को चैंपियनशिप में दूसरी वरीयता दिलाने में मदद की है।

शानदार फॉर्म में इंडोनेशिया

पदक के अन्य प्रमुख दावेदारों में 14 बार का चैंपियन चीन या बैडमिंटन की दिग्गज टीमें जापान, दक्षिण कोरिया, थाईलैंड या ऐतिहासिक पदक के लिए गत चैंपियन इंडोनेशिया शामिल हैं। इंडोनेशिया शानदार फॉर्म में है क्योंकि उसने फरवरी में चीन को हराकर एशियाई मिश्रित टीम का खिताब भी जीता था, जबकि भारत क्वार्टर फाइनल में जापान को हराने के बेहद करीब था। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भारत की पदक की उम्मीद मुख्य रूप से लड़कियों के एकल वर्ग पर निर्भर करेगी, जिसमें एशियाई अंडर-19 चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता तन्वी शर्मा (जो जूनियर विश्व नंबर एक भी हैं), वेन्नाला के, चाइना ओपन क्वार्टर फाइनलिस्ट उन्नति और रक्षिता शामिल हैं।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारत सोमवार को ग्रुप एच में नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा

भारत की उम्मीदें चौहान और दतू टीटी पर : बालकों के एकल वर्ग में भारत की उम्मीदें मुख्य रूप से जूनियर विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज रौनक चौहान और 17 वर्षीय ज्ञान दतू टीटी पर टिकी होंगी। मार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरू की लड़कों की युगल जोड़ी ने इस साल जनवरी में विश्व रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया था, इसलिए मेजबान टीम युगल स्पर्धाओं में भी खास प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी। एनसीई, गुवाहाटी में होने वाली चैंपियनशिप में दर्शकों के लिए मुफ्त प्रवेश है। टीम और व्यक्तिगत चैंपियनशिप के सेमीफाइनल और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर किया जाएगा और शुरुआती राउंड से लेकर क्वार्टर फाइनल तक सभी 9 कोर्ट का सीधा प्रसारण बीएआई यूट्यूब पर किया जाएगा।

पदक का प्रबल दावेदार भारत

ग्रुप-एच में संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका और नेपाल के साथ, भारत इस ग्रुप में शीर्ष पर रहने और नए शुरू किए गए बेस्ट-ऑफ-थ्री सेट रिले-स्कोरिंग फॉर्मेट में पदक के लिए चुनौती पेश करने का प्रबल दावेदार है। इसमें प्रत्येक सेट में 45 अंकों की रेस होगी। बीएआई के महासचिव संजय मिश्रा ने कहा, बीएआई की ओर से गुवाहाटी में होने वाली जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप की तैयारी के लिए खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण दिए जाने के कारण पिछले कुछ वर्षों से हम जूनियर स्पर्धाओं में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बार भी हमें कई पदकों की उम्मीद है क्योंकि टीम के अधिकांश सदस्य पिछले एक साल से इसी स्थान पर प्रशिक्षण ले रहे हैं। भारत अपने अभियान की शुरुआत सोमवार को नेपाल के खिलाफ करेगा। उसके बाद मंगलवार को श्रीलंका और बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच खेलेगा। भारत अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहने का प्रबल दावेदार है और इसके बाद नॉक-आउट चरण में भारत का सामना पूर्व चैंपियन दक्षिण कोरिया से हो सकता है। इसके ग्रुप जी में शीर्ष पर रहने की उम्मीद है, और उनके खिलाफ जीत मेजबान टीम को ऐतिहासिक पदक की गारंटी दे सकती है।

खबर संक्षेप

चेकमेट प्रतियोगिता में नाकामूरा से हारे गुकेश

नई दिल्ली। हिकारु नाकामूरा ने विश्व चैंपियन डी. गुकेश को हराया, जिससे अमेरिका के एलिंगटन में चल रही पहली चेकमेट प्रतियोगिता में मेजबान देश ने भारत को 5-0 से रौंद दिया। मैच के दौरान कई तनावपूर्ण मौके आए और दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जीत के मौके बनाए लेकिन अमेरिका ने मौकों का फायदा उठाते हुए महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी को फाबियानो करुआना के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।

अंडर-17 फुटबॉल टीम जाएगी बीजिंग

नई दिल्ली। भारत की अंडर-17 पुरुष टीम 8 और 10 अक्टूबर को चीन की अंडर-17 टीम के खिलाफ दो मैत्री मैच खेलने के लिए बीजिंग जाएंगी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने यह जानकारी दी। ये दोनों मैच खाली स्टेडियम में खेले जाएंगे। एक हफ्ते से कुछ अधिक समय पहले सैफ अंडर-17 चैंपियनशिप जीतने वाली बिबियानो फर्नांडिज की भारतीय टीम गोवा में ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा ले रही है और छह अक्टूबर को चीन पहुंचेगी।

शंघाई मास्टर्स : पेरीकार्ड को हराकर फ्रिट्ज ने किया उलटफेर

शंघाई। फ्रांस के जियोवानी म्पेत्शी पेरीकार्ड ने चौथी रैंकिंग के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6-4, 7-5 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में प्रवेश किया। लंबे कद के पेरीकार्ड ने अमेरिका के खिलाड़ी के खिलाफ एक घंटे 25 मिनट में अपनी पहली जीत दर्ज की। पेरीकार्ड के सामने अंतिम 16 दौर में 10वें वरीय होल्गर रूने की चुनौती होगी। अन्य मैचों में रूने ने 21वें वरीय यूगो हम्बर्ट को 6-4, 6-4 से हराया जबकि जिजोयू बर्ग्स ने 19वें वरीय फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 7-6 , 6-3 से मात दी। डेविड गोफिन के पहले सेट के दौरान जल्दी रिटायर होने के कारण 31वें वरीय गेब्रियल डियालो को वॉकओवर मिल गया।

महिला विश्व कप
क्रांति और दीप्ति को 3-3 विकेट

भारत ने लगातार चौथे संडे पाकिस्तान को दी मात

भारतीय महिला टीम ने पाक को 88 रन से हराया, वनडे में अजेय क्रम जारी रखा

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारतीय टीम ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान को 88 रन से हराकर इस चिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ वनडे में जीत के सिलसिले को जारी रखा। भारतीय महिलाओं ने टूर्नामेंट में अपनी दूसरी जीत हासिल की और वनडे में पाकिस्तान के खिलाफ 12वें मुकाबले में जीत दर्ज कर शत प्रतिशत रिकॉर्ड कायम रखा। विश्व कप में यह पाकिस्तान के खिलाफ उसकी पांचवीं जीत है। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में श्रीलंका को हराया था जबकि पाकिस्तान की यह दूसरी हार है। एशिया कप में भारत की पुरुष टीम की पाकिस्तान की टीम से 'हाथ नहीं मिलाने की नीति' पर कायम रहते हुए भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस के दौरान पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना से हाथ नहीं मिलाया। मैच रैफरी द्वारा टॉस के फैसले में हुई गलती के कारण टॉस पाकिस्तान के पक्ष में चला गया जिसने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम हरलीन देओल की 65 गेंद में संयम से खेली गई 46 रन की पारी और अंत में रिचा घोष के 20 गेंद में तेजी से बनाए गए नाबाद 35 रन से धीमी पिच पर संघर्ष करते हुए पारी की अंतिम गेंद पर 247 रन के सम्मानजनक स्कोर पर सिमट गई।

इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तानी टीम शीर्ष क्रम के चरमराने के उबर नहीं सकी और सलामी बल्लेबाज सिदरा अमीन की 81 रन की जुझारू पारी के बावजूद 43 ओवर में 159 रन पर ढेर हो गई। सिदरा अमीन ने भारतीय क्षेत्ररक्षकों द्वारा दिए गए जीवनदान का फायदा उठाते हुए 106 गेंद में नौ चौके और एक छक्का जड़ित पारी खेली। उनके अलावा सिर्फ नतालिया परवेज (33 रन) और सिदरा नवाज (14 रन) ही दोहरे अंक तक पहुंच सकी। भारत के लिए क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने तीन तीन विकेट झटके जबकि स्नेह राणा को दो विकेट मिले। पाकिस्तान ने 26 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने कभी भी पाकिस्तान की बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया और लगातार अंतराल पर विकेट झटकना जारी रखा।

भारत-247/10 (50)

खिलाड़ी	रन
प्रतिका बो सादिया इकबाल	31
स्मृति पगबाधा बो फातिमा सना	23
देओल का नशरा संधू बो रमीन	46
हरमनप्रीत का नवाज बो डायना	19
जेमिमा पगबाधा बो नशरा संधू	32
दीप्ति का नवाज बो डायना	25
स्नेह का रियाज बो फातिमा सना	20
रिचा घोष नाबाद	35
श्री चरणी का परवेज बो सादिया	01
क्रांति का रियाज बो डायना बेग	08
रेणुका का नवाज बो डायना बेग	00

अतिरिक्त : 07
कुल : 50 ओवर में 247 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-48, 2-67, 3-106, 4-151, 5-159, 6-201, 7-203, 8-226, 9-247
गेंदबाजी: सादिया इकबाल 10-0-47-2, डायना बेग 10-1-69-4, फातिमा सना 10-2-38-2, रमीन शमीम 10-0-39-1, नाशरा संधू 10-0-52-1

पाक-159/10 (43)

खिलाड़ी	रन
मुनीबा अली रन आउट	02
सदफ का एवं बो क्रांति गौड़	06
सिदरा का हरमनप्रीत बो राणा	81
आलिया का दीप्ति बो क्रांति गौड़	02
नतालिया का (सब) बो क्रांति गौड़	33
फातिमा सना का स्मृति बो दीप्ति	02
सिदरा नवाज का एवं बो राणा	14
रमीम शमीम बो दीप्ति	00
डायना बेग रन आउट	09
नशरा संधू नाबाद	02
सादिया इकबाल	00

अतिरिक्त : 08
कुल : 43 ओवर में 159 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-6, 2-20, 3-26, 4-95, 5-102, 6-143, 7-146, 8-150, 9-158
गेंदबाजी : रेणुका सिंह 10-1-29-0, क्रांति गौड़ 10-3-20-3, स्नेह राणा 8-0-38-2, श्री चरणी 6-1-26-0, दीप्ति शर्मा 9-0-45-3

टॉस में मैच रैफरी से गलती, पाकिस्तान के पक्ष में दिया फैसला

भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को महिला विश्व कप मुकाबले के टॉस के दौरान मैच रेफरी शांड्रे फ्रिट्ज से गलती हो गई। इस गलती की वजह से उन्होंने पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को टॉस विजेता घोषित कर दिया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सिक्का उछाला और सना ने 'टेल्स' कहा लेकिन फ्रिट्ज ने सुनने में गलती की और इसे 'हेड्स' समझ लिया। फिर प्रस्तोता मेल जोन्स ने भी उन्हें टॉस विजेता घोषित किया। सिक्का 'हेड्स अप' गिरा लेकिन टॉस का विजेता पाकिस्तान को माना गया, जिससे उन्होंने बादलों से भरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का विकल्प चुना।

सिमरन शर्मा, प्रीति और नवदीन को रजत पदक

भारत का अभियान 22 पदकों के साथ खत्म

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

सिमरन शर्मा ने थकान और पीठ में दर्द के बावजूद प्रेरणादायक प्रदर्शन किया और महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रविवार को यहां भारत का अभियान रिकॉर्ड 22 पदक के साथ समाप्त हुआ। प्रतियोगिता के आखिरी दिन भारत ने तीन रजत और एक कांस्य पदक जीते। भारत का अभियान इस तरह छह स्वर्ण, नौ रजत और सात कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ। महिलाओं की 100 मीटर टी35 एथलीट प्रीति पाल ने मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए रजत पदक जीता। शुरुआत में पिस्टल की खराबी के कारण उन्हें दो बार गर्म और उमस भरी परिस्थितियों में दौड़ना पड़ा। एफ41 भाला फेंक स्पर्धा में पेरिस पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नवदीप सिंह उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे और उन्हें रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। भारत पदक तालिका में दसवें स्थान पर रहा। अगर नवदीप और ऊंची कूद खिलाड़ी प्रदीप कुमार अपने ख्याति के अनुरूप शीर्ष स्थान हासिल रहे होते तो भारत आसानी से चौथे स्थान पर आ सकता था। पुरुषों की 200 मीटर टी44 स्पर्धा के एथलीट संदीप ने 23.60 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ अप्रत्याशित रूप से कांस्य पदक जीत भारत के पदकों की संख्या में इजाफा किया।

नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते

कॉकरॉफ्ट ने कहा, 'फिर मुझे 18 साल की उम्र में मेरी पहली विश्व चैंपियनशिप के लिए चुना गया और मैं बस अनुभव के लिए गई और फिर यही मेरा काम बन गया। मौजूदा विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीतने के दौरान दो चैंपियनशिप रिकॉर्ड बनाने वाली कॉकरॉफ्ट 2011 में न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण के बाद से कोई बड़ा फाइनल नहीं हारी हैं। उन्होंने चार पैरालंपिक खेलों में भाग लिया है और नौ पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीते।

अनीसीमोवा ने जीता चाइना ओपन का खिताब, विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

अमेरिका की अमांडा अनीसीमोवा ने चाइना ओपन के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-0, 2-6, 6-2 से हराकर इस हार्ड कोर्ट इंडोर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया।

सेमीफाइनल में हमवतन कोको गॉफ को शिकस्त देने वाली अनीसीमोवा ने शानदार बैकहैंड विनर के साथ मैच खत्म किया। यह चाइना ओपन में उनका पहला खिताब है। बीस साल की नोस्कोवा ने तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को कड़ी टक्कर दी लेकिन एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले के आखिरी क्षणों में उन पर थकान हावी हो गई। अनीसीमोवा इस साल यूएस ओपन और विंबलडन दोनों की उपविजेता रही हैं और अब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। यह इस सत्र में उनका दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब है। नोस्कोवा 2009 में डब्ल्यूटीए 1000 प्रारुप की शुरुआत के बाद से फाइनल में पहुंचने वाली चेक गणराज्य की सबसे युवा खिलाड़ी है।

वालीशेट्टी ने जीता अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब

अल ऐन (यूएई)। भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वालीशेट्टी ने तीन गेम तक चले रोमांचक फाइनल में हमवतन तस्नीम मीर को हराकर 120,000 डॉलर इनामी राशि के अल ऐन मास्टर्स में महिला एकल वर्ग का अपना पहला बीडब्ल्यूएफ सुपर 100 खिताब जीता। पुलेला गोपीचंद अकादमी में ट्रेनिंग लेने वाली तेलंगाना की 18 वर्षीय खिलाड़ी श्रेयांशी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार संयम दिखाया और 49 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में 15-21, 22-20, 21-7 से जीत हासिल की। शुरुआती गेम में श्रेयांशी ने चार अंक की बढ़त गंवा दी जबकि तस्नीम ने 14-9 की बढ़त हासिल करने के बाद पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कांटे की टक्कर में बदल गया। श्रेयांशी ने 1-4 से वापसी करते हुए 17-14 की बढ़त बना ली। तस्नीम ने मुकाबले में बने रहने के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन श्रेयांशी ने अपना धैर्य बनाए रखा और मुकाबले को निर्णायक गेम तक ले गईं। इसी लय को जारी रखते हुए श्रेयांशी ने तीसरे गेम में बढ़त बना ली। तस्नीम ने कुछ देर के लिए 6-5 की बढ़त बना ली थी लेकिन इसके बाद वह पिछड़ गईं।

रजत की टीम को हराकर विदर्भ तीसरी बार जीता ईरानी कप का खिताब

एजेंसी ▶▶ नागपुर

यश दुल की 92 रन की शानदार पारी के बावजूद शेष भारत की टीम को ईरानी कप फाइनल में विदर्भ से रविवार को मैच के पांचवें दिन 93 रन की हार का सामना करना पड़ा।

बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे (73 रन पर चार विकेट) और तेज गेंदबाज यश ठाकुर (47 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में विदर्भ के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के लिए 361 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही शेष भारत की पारी को दिन के दूसरे सत्र में 267 रन पर समेट दिया। दुबे और ठाकुर दोनों ने इस मैच में छह-छह विकेट चटकाकर विदर्भ को तीसरी बार ईरानी कप का चैंपियन बनाया। तायडे को पहली पारी में 143 रन बनाने और दुल का शानदार कैच लपकने के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

तायडे और दुल चुना गया मैन ऑफ द मैच

ठाकुर और दुल के बीच मैदान में हुई तनातनी

शेष भारत ने मैच के आखिरी दिन दो विकेट पर 30 रन से आगे खेलते हुए 133 रन तक छह विकेट गंवा दिए। दुल ने इसके बाद मानव सुथार (56) के साथ 104 रन की साझेदारी कर टीम की उम्मीदें जगा दी। ठाकुर ने हालांकि दुल को पवेलियन की राह दिखाकर मैच में विदर्भ का पूरी तरह से दबदबा कायम कर दिया। दुल के आक्रामक शॉट पर डीप थर्ड मैन की दिशा में अथर्व तायडे ने शानदार कैच लपका। ठाकुर ने इसके बाद दुल को बाहर जाने का इशारा किया, जिससे दोनों खिलाड़ियों के बीच मैदान में तनातनी देखने को मिली। दोनों अंपायर और विदर्भ के क्षेत्ररक्षकों ने बीच में आकर स्थिति को शांत करने की कोशिश की। मैच रैफरी दोनों पर किसी तरह का जुर्माना लगा सकते हैं।

इंग्लिश प्रीमियर लीग: चेल्सी ने लीवरपूल को 2-1 से हराया

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्राजील के एस्टेवाओ के इंजरी टाइम में दागे गोल की बदौलत चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लीवरपूल को 2-1 से हरा दिया, जो गत चैंपियन टीम की लगातार तीसरी हार है। एस्टेवाओ के गोल के बाद जरुरत से अधिक जश्न मनाने के लिए चेल्सी के कोच एंजो मारेस्को को लाल कार्ड दिखाया गया। इस हार के साथ तय हो गया कि लीवरपूल की टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान अंक तालिका में शीर्ष पर नहीं होगी। आर्सेनल ने वेस्टहैम को 2-0 से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर लीवरपूल पर एक अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर यूनाईअेड ने भी सदरलैंड के खिलाफ महत्वपूर्ण जीत हासिल की। टोटेनहैम ने लीड्स को 2-1 से हराया और अब टीम अर्सेनल और लीवरपूल के बाद तीसरे स्थान पर है।

ला लीगा टूर्नामेंट: विलारीयाल को हराकर शीर्ष पर रीयाल मैड्रिड

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड।

विनिसियस जूनियर ने दो गोल दागे जबकि चोटिल होने से पहले काइलियान एमबाप्पे ने भी एक गोल किया, जिससे रीयाल मैड्रिड तीसरे स्थान पर चल रहे विलारीयाल को 3-1 से हराकर ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर पहुंच गया। फ्रांस के एमबाप्पे 81वें मिनट में गोल करने के कुछ देर बाद अपना दायां टखना पकड़कर बैठ गए और इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। विनिसियस ने 47वें और 69वें मिनट में गोल किए। इस जीत से मैड्रिड ने गत चैंपियन बार्सीलोना को पछाड़कर अंक तालिका के शीर्ष पर दो अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के पास हालांकि सेविला को हराकर फिर शीर्ष पर पहुंचने का मौका होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे गिरोना ने वेलेंसिया को 2-1 से हराकर महत्वपूर्ण अंक हासिल किए जबकि एथलेटिक बिलबाओ ने मालोर्का को 2-1 से शिकस्त दी।लेवांते ने ओविएडो को 2-0 से हराया।

सिरी ए टूर्नामेंट : क्रेमोनेस पर इंटर मिलान की एकतरफा जीत

एजेंसी ▶▶ मिलान

लॉटेरो मार्टिन के गोल से इंटर मिलान ने सिरी ए फुटबॉल टूर्नामेंट में क्रेमोनेस को एकतरफा मुकाबले में 4-1 से हरा दिया। इस जीत से इंटर मिलान, एसी मिलान, गत चैंपियन नेपोली और रोमा के समान 12 अंक हो गए हैं। इंटर मिलान की सभी प्रतियोगिताओं में यह लगातार पांचवीं जीत है। मार्टिनेज इंटर मिलान की ओर से सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों के सूची में शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। उनके नाम इंटर मिलान की ओर से सभी प्रतियोगिताओं में 158 गोल हैं। वह और लुइगी कुवेनिनी टीम की ओर से सर्वाधिक गोल दागने वाले खिलाड़ियों की सूची में पांचवें स्थान पर हैं। ग्युसेप मीजा 284 गोल से इंटर मिलान के सबसे सफल खिलाड़ी हैं। उनके बाद एलेसांद्रो एल्बोवेली (209), रॉबर्टो बोनिनसेगना (171) और सांद्रो मेजोला (161) का नंबर आता है। अन्य मुकाबलों में कोमो और अटलांटा का मैच 1-1 से बराबर रहा जबकि लाजियो और टोरिनो ने भी 3-3 से ड्रॉ खेला। लीस ने पार्मा को 1-0 से हराया।

बिहार विधानसभा चुनाव पर मुख्य मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा

नए वोटर कार्ड से होंगे चुनाव, इलेक्शन बाद एसआईआर अर्थहीन होता

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले हुए मतदाताओं के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आम मतदाताओं के मन में बड़ा सवाल था कि वोटर कार्ड बदल दिए जाएंगे? दो दिवसीय दौरे के बाद पटना से लौटने के पहले देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने साफ किया है कि जिन मतदाताओं की जानकारी में किसी तरह का अपडेट या बदलाव हुआ है, उन्हें नया वोटर कार्ड जारी किया जाएगा। बाकी को इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी। भारतीय निर्वाचन आयोग ने रविवार को 'एक्स' पर जानकारी दी कि दूसरे दिन आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की गई।

ईसी ने तैयारियों का लिया जायजा, सभी दलों की मांगों को भी सुना

बाकी दस्तावेजों के आधार भी डाल सकेंगे वोट

सीईसी ने साफ कहा कि जिनके वोटर कार्ड के डाटा में कोई परिवर्तन होगा, उन्हें 15 दिनों के अंदर एपिक, यानी वोटर कार्ड मिल जाएगा। जिनके पास पुराने वोटर कार्ड हैं और डाटा में कोई बदलाव नहीं है, वह उसी को सही मानेंगे। मतदान करने के लिए बाकी जिन दस्तावेजों को पहले से मान्य रखा गया था, वह आगे भी कायम रहेंगे।

एसआईआर का परिणाम संतोषजनक रहा नाम जोड़ने की प्रक्रिया चलती रहेगी

सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अयोग्य वोटरों को हटाने और योग्य वोटरों को शामिल करने के लिए चलाए गए गहन विशेष पुनरीक्षण का परिणाम बहुत स्पष्ट और संतोषजनक रहा है। अब भी कोई अयोग्य जुड़ा हुआ है या योग्य छूटा हुआ है तो उसका नाम हटाने-जोड़ने की प्रकिया चलती रहेगी। चुनाव के बाद यह प्रक्रिया अगले आदेश तक के लिए बंद हो जाएगी। चुनाव के पहले पुनरीक्षण हर बार होता है, इसलिए उसे चुनाव के बाद कराने की मांग का कोई अर्थ नहीं है।

पहली बार दिल्ली में ट्रेनिंग, मानदेय बढ़ाना उपलब्धि

सीईसी ने कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स की पहली बार चुनाव आयोग ने ट्रेनिंग की। बिहार के सभी बूथ लेवल एजेंट्स-1 की ट्रेनिंग कुछ माह पहले ही दिल्ली में ट्रेनिंग हुई। उसके बाद बूथ लेवल ऑफिसर्स की ट्रेनिंग हुई। इसके बाद देशभर के 700 बूथ लेवल सुपरवाइजर्स-एजेंट्स की ट्रेनिंग की गई। मतदाता सूची के मामले में विशेष गहन पुनरीक्षण बड़ा टास्क था। बूथ लेवल ऑफिसर्स के साथ तमाम अधिकारी, जो इस काम को करते हैं- उनका मानदेय भी बढ़ाया गया।

उम्मीदवारों की फोटो होगी रंगीन

सीईसी ने कहा कि जब बैलेट पेपर ईवीएम में डाला जाता है, तो उस पर लगी फोटो ब्लैक एंड व्हाइट होती है, जिससे उसे पहचानना मुश्किल हो जाता है, हालांकि चुनाव चिन्ह बना रहता है। यह भी सुझाव दिया गया था कि सीरियल नंबर बड़ा होना चाहिए। इसलिए, बिहार चुनावों से शुरू होकर, देश भर में सीरियल नंबर का फॉन्ट बड़ा होगा और उम्मीदवारों की फोटो कलरफुल होंगी।

हर बूथ पर 100 फीसदी वेबकास्टिंग होगी

सीईसी ने कहा कि चुनाव आयोग ने फैसला किया है कि किसी भी पोलिंग बूथ पर 1200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे। मतदाताओं के पास जाते समय बूथ-लेवल अफसर की बेहतर पहचान के लिए पहचान पत्र जारी किए गए हैं। मोबाइल फोन बूथ के बाहर एक कमरे में जमा किए जा सकते हैं। हर पोलिंग बूथ पर 100% वेबकास्टिंग होगी।

बिहार के सभे मतदाता के अभिनंदन करतनी

सीईसी ने मतदाताओं का अभिनंदन भोजपुरी में करते हुए कहा- रउआ सभे के कोटि-कोटि धन्यवाद जतावतानी। उन्होंने मैथिली भाषा में भी बिहार के मतदाताओं का स्वागत किया और कहा, बिहार के सभे मतदाता के अभिनंदन करतनी। इससे पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा।

खबर संक्षेप

आप से उद्योगपति राजिंदर जाएंगे राज्यसभा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा चुनाव के लिए उद्योगपति राजिंदर गुप्ता को पार्टी

का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। आधिकारिक रूप से पार्टी ने उनके नाम की घोषणा कर दी है। पंजाब से राज्यसभा की एक सीट के लिए 24 अक्तूबर को उपचुनाव होना है। आप की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की बैठक में गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है।

हाईवे पर टक्कर, हरियाणा के 3 युवकों की मौत

हांसी। सालासर में बालाजी के दर्शन के लिए हिसार से गए तीन युवकों की चूरू के पास अज्ञात

वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। तीनों मृतक आपस में रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। हादसा नेशनल हाईवे-52 पर चूरू के पास हुआ है। जहां अज्ञात वाहन ने सालासर जा रहे युवकों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे तीनों श्रद्धालुओं की मौत हो गई।

'सेक्सटॉर्शन सिंडिकेट' का मास्टरमाइंड अरेस्ट

नूंह। दिल्ली पुलिस ने हरियाणा के नूंह में एक 'सेक्सटॉर्शन सिंडिकेट' का भंडाफोड़ करते हुए एक 26

वर्षीय आरोपी मोहम्मद नसीम को गिरफ्तार किया है। वो ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा है। यह गिरोह सोशल मीडिया पर वीडियो कॉल करके शिकार को फंसाता था। उन्हें डरा-धमका कर पैसे ऐंठा करता था। खुद को पुलिस बताता था।

सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका देंगे सीएम धामी

देहरादून। उत्तराखंड में शिक्षकों की पदोन्नति पर सुप्रीम कोर्ट के शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को

अनिवार्य करने के फैसले के बाद रोक लग गई है। इस फैसले का असर बेसिक और जूनियर हाईस्कूल के 18 हजार से अधिक शिक्षकों पर पड़ा है। अब मामले में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल करने का निर्णय लिया है।

उद्धव-राज ठाकरे 3 माह में 5वीं बार मिले

मुंबई। महाराष्ट्र की राजनीति में फिर से ठाकरे बंधुओं की नजदीकियां सुर्खियों में हैं। लंबे समय से अलग

राहों पर चल रहे उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे रविवार को एक पारिवारिक कार्यक्रम में साथ नजर आए। यह कार्यक्रम शिवसेना सांसद संजय राउत के पोते के नामकरण समारोह का था, जो बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित एमसीए क्लब में आयोजित था।

महाराष्ट्र में शाह ने प्रवर शुगर फैक्ट्री की बढ़ी उत्पादन क्षमता का किया उद्घाटन

शुगर उद्योग को मिलेगा बढ़ावा, किसानों की समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ अहिल्यानगर

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को महाराष्ट्र के अहिल्यानगर दौरे पर हैं। उनका यह दौरा



सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने और स्थानीय विकास को गति देने के उद्देश्य से किया गया है। अहिल्यानगर के लोणी बाजार में गृहमंत्री अमित शाह के आगमन के अवसर पर किसान सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

इस सभा में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कृषि और सहकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। किसानों को सरकार की नई नीतियों और सुविधाओं से अवगत कराते हुए अमित शाह ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के विकास और समृद्धि के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने महाराष्ट्र के सहकारिता क्षेत्र को और मजबूत बनाने के लिए नई योजनाओं की भी घोषणा करने की संभावना जताई।

इससे सहकारिता क्षेत्र को मजबूती और स्थानीय विकास को गति मिलेगी

शिरडी में पूजा-अर्चना की

कृषि उत्पादन और सहकारिता को बढ़ावा मिलेगा

किसान सभा में किसानों की सक्रिय भागीदारी देखी गई और उन्होंने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं को लेकर अपनी उम्मीदें जताईं। यह सभा किसानों के लिए एक सकारात्मक संदेश लेकर आई कि उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता में है। किसानों को नई योजनाओं और विकास की दिशा में बढ़ावा देने के साथ-साथ यह दौरा राज्य और केंद्र के बीच बेहतर तालमेल का भी प्रतीक माना जा रहा है। आगामी समय में इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन और सहकारिता के क्षेत्र में और भी उन्नति की उम्मीद जताई जा रही है।

शिंदे और अजित सहित कई अतिथि थे मौजूद

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार सहित कई अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे ताकि किसी भी प्रकार की समस्या न हो। इससे पहले, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शिरडी के साईं मंदिर में पूजा-अर्चना की। वहां से सीधे वह अहिल्यानगर पहुंचे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अमित शाह का शिरडी में पहुंचने पर स्वागत किया।

जब शिंदे सीएम और फडणवीस डिप्टी सीएम थे, तब...

शाह ने शिरडी स्थित साईंबाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने अहिल्यानगर जिले में कार्यक्रम को संबोधित किया। शाह ने कहा कि एकनाथ शिंदे और अजित पवार के नेतृत्व में, महाराष्ट्र के सभी मंत्री और सांसद, पद्मश्री पाटिल और पद्म विभूषण बालासाहेब विखे पाटिल के साथ, उनके योगदान को याद करने के लिए एकत्र हुए हैं। मुझे इस क्षेत्र में आकर खुशी हो रही है, जो अब अहिल्याबाई के नाम से जुड़ गया है। जब शिंदे मुख्यमंत्री थे और फडणवीस उपमुख्यमंत्री थे तो भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलकर अहिल्या बाई के नाम पर रखा था।

पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया

उन्होंने कहा कि आज मैं अहमदनगर में आया हूं, जो पूरे देश में सहकारिता पटरी के रूप में जाना जाता है। पद्मश्री विजय पाटिल साहब ने पूरा जीवन इस क्षेत्र के किसानों के कल्याण के लिए लगाया है। शाह ने सहकारिता आंदोलन की एक प्रमुख हस्ती विट्ठलराव विखे पाटिल और उनके बेटे तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बालासाहेब विखे पाटिल की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

किसानों की सुविधा का ख्याल रख रही सरकार

शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के किसानों पर इस बार इंद्रदेव ने आफत भेजी, 60 लाख हेक्टेयर से ज्यादा किसानों की भूमि और उनकी फसल बर्बाद हुई। वित्तीय वर्ष 2025-26 में केंद्र ने 3,132 करोड़ रुपए महाराष्ट्र सरकार को दिया, जिसमें 1631 करोड़ रुपए अप्रैल महीने में देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने किसानों की मदद के लिए कई पहल शुरू की और राहत पैकेज दिया। उन्होंने राज्य के किसानों के लिए केंद्रीय सहायता हासिल करने के लिए फडणवीस, शिंदे और अजित की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार को 10,000 रुपए की नकद सहायता और 35 किलोग्राम अनाज उपलब्ध कराया है।

छत्तीसगढ़ में बोले शाह

रानी दुर्गावती की जीवन गाथा पढ़कर युवा राष्ट्रहित का संकल्प लें

जगदलपुर। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने रविवार को रानी दुर्गावती की जयंती पर कहा कि देश के युवाओं को उनकी जीवन गाथा को पढ़ना चाहिए और राष्ट्रहित का संकल्प लेना चाहिए। शाह ने एक्स पर लिखा कि रानी दुर्गावती न्याय, राष्ट्रभक्ति और नारी शक्ति की प्रतीक थीं, उनकी जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि न्यायप्रिय शासन, प्रजावत्सलता और मातृभूमि की रक्षा की प्रतीक थीं।

एनडीए में सीट बंटवारे की कवायद

मांझी के घर पहुंचे प्रधान सिर्फ 15 मिनट चली बैठक

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीट शेयरिंग फाइनल करने का काम अब तेजी से होता हुआ नजर आ रहा है। रविवार को भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कई सहयोगी दलों के नेताओं से ही मुलाकात की। इसी कड़ी में भाजपा के इन नेताओं की मुलाकात केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी से भी हुई, लेकिन मांझी के घर पर हुई इन नेताओं की मुलाकात बहुत छोटी रही। सीट शेयरिंग का फॉर्मूला लेकर भाजपा के नेता रविवार को सबसे पहले ललन सिंह से मिले। उसके बाद मांझी के आवास पहुंचे, लेकिन प्रधान के सीट शेयरिंग फॉर्मूले से मांझी नाराज हो गए हैं।

मांझी की 7 सीटें तय

मांझी से घर पर इन नेताओं की मुलाकात का दौर मात्र 15 मिनट में समाप्त हो गया। मांझी आवास से निकलते समय भाजपा नेताओं से मीडिया से कोई बात नहीं की। इस बीच चर्चा है कि मांझी की 7 सीटें तय हो गई है। प्रधान और जीतन राम मांझी की मुलाकात में सीटों पर बात हुई। जीतन राम की पार्टी हम को 10 सीटें मिल सकती हैं, इनमें 7 सीटें तय हो गई हैं।

मांझी की नाराजगी की वजह

मांझी की नाराजगी की वजह कम सीटें मिलने को कहा जा रहा है। मांझी बार-बार यह कह चुके हैं कि उनकी पार्टी को राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा प्राप्त करना है। पार्टी को 8 विधायक अथवा 6 फीसदी वोट चाहिए। ऐसे में वो एक दर्जन से अधिक सीटों पर दावा ठोक रहे हैं।

किशनगंज में ओवैसी ने सुनाया

पटना में बैठा शैतान, उससे रहना सावधान

एआईएमआईएम सुप्रीमो असदुद्दीन ओवैसी रविवार को मुस्लिम बहुल किशनगंज जिले के बहादुरगंज पहुंचे। यहां उन्होंने तौसीफ आलम के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए राजद नेता तेजस्वी यादव का बिना नाम लिए हुए उनकी तुलना शैतान से कीष साथ ही मजलिस पार्टी छोड़ने वाले चार विधायकों को जालिम और अहसानफरामोस करार देते हुए उन्हें हराने की अपील की। पटना में बैठा शैतान अपने लोगों को भेजेगा।

हिमाचल में बर्फबारी

रोहतांग दर्रा बंद, 6 जिलों में लोगों को चेतावनी जारी की

एजेंसी ▶▶ शिमला

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में ताजा बर्फबारी से लोगों की मुश्किलें बढ़नी शुरू हो गई हैं। रविवार को रोहतांग दर्रे और धौलाधार पर्वतमाला समेत राज्य के ऊंचाई वाले इलाकों में सुबह ताजा बर्फबारी हुई। इससे पूरे प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। अधिकारियों के अनुसार बर्फबारी के चलते कुल्लू जिला प्रशासन ने रोहतांग दर्रे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी है और यात्रियों को इस मार्ग से न गुजरने की सलाह दी है। राज्य के कई हिस्सों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए थे। अचानक अंधेरा छा गया और तेज हवाओं के साथ मैदानों में बारिश होने लगी। इस दौरान प्रदेश की ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई। धौलाधार की चोटियों पर बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है। लाहौल घाटी में भी ताजा बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है।

जेल से सोनम ने की शांति की अपील

हम तो जेल में रहने को तैयार मौतों की स्वतंत्र न्यायिक जांच हो

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

लद्दाख हिंसा के बाद जेल में बंद सोनम वांगचुक ने लेह विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई चार लोगों की मौत की स्वतंत्र न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब तक यह मांग पूरी नहीं हो जाती, वह जेल में रहने को तैयार हैं। वांगचुक वर्तमान में जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें 26 सितंबर को हिरासत में लिया था। कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस (केडीए) के नेता सज्जाद कारगिली ने एक्स पर पोस्ट सोनम वांगचुक का संदेश शेयर किया है। सोनम से उनके भाई कात्सेतन दोरजे ले और वकील मुस्तफा हाजी ने 4 अक्टूबर को जेल में उनसे मुलाकात की थी। सज्जाद कारगिली ने एक्स पर लिखा, जोधपुर सेंट्रल जेल से कात्सेतन दोरजे ले (सोनम वांगचुक के बड़े भाई) और अधिवक्ता मुस्तफा हाजी ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सोनम वांगचुक से मुलाकात की।

मांडविया का 'संडे ऑन साइकिल'

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने 'संडे ऑन साइकिल' एंथम लॉन्च किया। रविवार को उन्होंने दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में मैराथन में भी हिस्सा लिया। यह कार्यक्रम विश्व शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष संस्करण के रूप में आयोजित किया गया। मांडविया ने 'एक्स' पर 'संडे ऑन साइकिल' एंथम शेयर करते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'फिट इंडिया मूवमेंट' ने हर घर में फिटनेस की लहर ला दी है।

रिजिजू ने राहुल को लिया आड़े-हाथ

विदेश जाकर देशविरोधी बयान देने वाले वे पहले नेता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भी राहुल गांधी को आड़े-हाथ लेते हुए उनके बयानों की आलोचना की है। रिजिजू ने कहा कि अब तक कोई भी विपक्ष के नेता विदेश जाकर देश या सरकार के खिलाफ बयान नहीं देता था, लेकिन राहुल पहले ऐसे नेता हैं जिन्होंने विदेश में जाकर देश, हमारे सिस्टम और लोकतंत्र के खिलाफ बात की है। उन्होंने नाम लेकर इंदिरा गांधी, लाल कृष्ण आडवाणी, अटल बिहारी वाजपेयी, सुषमा स्वराज और शरद पवार जैसे नेताओं का उदाहरण दिया।

अब तक किसी नेता ने विदेश में निंदा नहीं की

भारत विश्व नेतृत्व नहीं कर सकता, राहुल का कथन गलत

वे कश्मीर और पूर्वोत्तर को अलग करना चाह रहे

रिजिजू ने जोर दिया कि कोलंबिया में राहुल को जेन-जी की बात नहीं करनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता को जनरेशन जेड के बारे में बोलना सही नहीं है। नई पीढ़ी ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया है और वह प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ी है। युवा भ्रष्टाचार और एक परिवार के कब्जे वाली राजनीति के खिलाफ है और खासकर कांग्रेस के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि आज जो लोग कश्मीर को भारत से अलग करना चाहते हैं या पूर्वोत्तर को अलग करना चाहते हैं, वे खुद अभिव्यक्ति की आजादी का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं।

देश को तोड़ने की साजिश रच रहे

उन्होंने कहा कि अगर कोई देश को तोड़ने की बात करता है, माओवादियों का समर्थन करता है या कश्मीर में अनुच्छेद 370 का समर्थन करता है, तो वह असली अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है। राहुल असली आजादी का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं और देश को तोड़ने की साजिश रच रहे हैं।

सरकार पर कांग्रेस का प्रहार

पाकिस्तान को फाइटर जेट इंजन दे रहा रूस, यह मोदी सरकार की नाकामी

पाकिस्तान को रूस द्वारा फाइटर जेट इंजन देने की खबर को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि सरकार को यह बताना चाहिए कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि दशकों से हमारा सबसे भरोसेमंद साथी रूस आज भारत की अपील को नजर अंदाज कर पाक को आरडी -93 एमए इंजन देने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए जयराम रमेश ने कहा कि यह सरकार की नाकामी है।

'मेक इन इंडिया' को मिलेगा बूस्ट

नमो सेमीकंडक्टर लैब से मजबूत होगा भारत का चिप डिजाइन ईकोसिस्टम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम को मजबूत बनाने केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में आईआईटी भुवनेश्वर में 'नमो सेमीकंडक्टर



प्रयोगशाला' की स्थापना को मंजूरी दी है। यह इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय की ओर से दिया गया। इस परियोजना को एमपीएलएडी योजना के तहत धनराशि मिलेगी। इसकी लागत 4.95 करोड़ रुपए है। यह नई प्रयोगशाला 'मेक इन इंडिया' और 'डिजाइन इन इंडिया' पहलों को और बढ़ावा देगी।

प्रतिभाओं को विकसित करेगी

मंत्रालय ने कहा कि नमो सेमीकंडक्टर लैब युवाओं को उद्योग-अनुकूल कौशल प्रदान करके भारत के विशाल प्रतिभा पूल में योगदान देगी। यह लैब आईआईटी भुवनेश्वर को सेमीकंडक्टर अनुसंधान और कौशल विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करेगी। यह लैब पूरे भारत में स्थापित होने वाली चिप निर्माण और पैकेजिंग इकाइयों के लिए प्रतिभाओं को विकसित करने में सहायता करेगी।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,